उज्जैन
बुधवार
25
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-140
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



रैपर बादशाह की दूसरी शादी की चर्चा तेज इशा रिखी संग वायरल तस्वीरों ने बढ़ाई अटकलें

पेज- 8



## खबर एक नजर...

### निपानिया में बाइक भिड़ंत, पति की मौत पत्नी घायल




**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम निपानिया गोयल में रहने वाला कपिल पिता रामसिंह कुशवाह 35 साल सोमवार को पत्नी रीना के साथ खरीददारी करने उज्जैन आया था। रात में दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। निपानिया गोयल मोड़ पर उनकी भिड़ंत सामने से आ रही बाइक से हो गई। दुर्घटना में कपिल और उसकी पत्नी घायल हो गये। दोनों को उपचार के लिये चरक अस्पताल उज्जैन लाया गया। लेकिन कपिल की रास्ते में मौत हो चुकी थी। मंगलवार सुबह पुलिस ने कपिल का पोस्टमार्टम कराया। पति की मौत होने पर चरक अस्पताल में भर्ती पत्नी रीना भी छुट्टी लेकर अपने गांव पति के अंतिम संस्कार के लिये लौट गई। मामले में घट्टिया थाना पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज किया है। सड़क दुर्घटना का एक मामला उन्हेल के ग्राम मडावदिया में हुआ था। पैदल घर लौट रहे दुगालाल पिता बगदीराम 70 साल को कार ने कुचल दिया था। गंभीर हालत में परिजन उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां सोमवार-मंगलवार रात दुगालाल की मौत हो गई। मामले में नीलगंगा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है।

### हफ्ता नहीं देने पर बदमाशों ने ड्रायवर से की मारपीट

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम कनासिया में सुजलोन कंपनी के पवन चक्की प्लांट पर काम करने वाले ड्रायवर अगंद पिता सुगंधी वंशकर निवासी गलेना ललितपुर उत्तरप्रदेश को रोक बदमाशों ने हफ्ता मांगा और पवन चक्की की मशीन हटाने की धमकी दी। अगंद ने हफ्ता देने से मना किया तो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करते हुए पोकलेन मशीन में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। तराना थाना पुलिस ने अंगद की शिकायत पर ग्राम बंजारी के रहने वाले बदमाश जितेन्द्र गुर्जर और दो साथी इंदरसिंह गुर्जर, कमल गुर्जर के खिलाफ धारा 119 (2), 324 (2), 115 (2), 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि बदमाश पूर्व में भी पवन चक्की से जुड़े कर्मचारियों को अवैध वसूली के लिये धमका चुके है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आयेगी मौत की वजह

**उज्जैन।** पंवासा क्षेत्र में रहने वाले रमेश पिता उदयलाल बैतवाल 55 साल को सोमवार रात परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया और शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख पुलिस को सूचना दी गई। आशंका जताई गई कि रमेश ने जहरीला पदार्थ खाया था। लेकिन परिजनों को कहना था कि रमेश खेत पर मजदूरी करता था, रात में दवा का छिड़काव कर घर लौटा था, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ी थी। पंवासा थाना पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। प्रथमदृष्टता मामला जहरीला पदार्थ खाने का सामने आ रहा है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह सामने आ जायेगी। उसके बाद परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की जांच शुरू करेंगें।

### बाल संप्रेक्षणगृह में बालक की बिगड़ी हालत

**उज्जैन।** कुछ दिनों पहले बाल संप्रेक्षणगृह में अपराध संबंधित मामले में 10 साल के बालक को लाया गया था। सोमवार रात बालक ने वहां रहने वाले अन्य बालकों को एलर्जी के लिये मिलने वाली सिट्राजीन गोली खा ली। जिससे बालक की हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि मंगलवार को बालक की हालत में सुधार हो गया था।

# उज्जैन में पेट्रोल-डीजल की कमी का भ्रम

## प्रशासन का दावा: पर्याप्त स्टॉक, कुछ पंप बंद होने से बढ़ी परेशानी






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में मंगलवार शाम कुछ पेट्रोल पंप बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। देशभर में ईंधन की उपलब्धता को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच यह स्थिति सामने आई, जिससे स्थानीय स्तर पर भ्रम और चिंता बढ़ गई।

देश में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर इन दिनों व्यापक चर्चाएं चल रही हैं। कई स्थानों पर लोग एहतियात के तौर पर अधिक मात्रा में ईंधन भरवा रहे हैं, जिससे स्थानीय आपूर्ति पर दबाव बन रहा है। इसी पृष्ठभूमि में उज्जैन में भी कुछ पंपों के बंद होने से आमजन को दिक्कतें हुईं।

शहर के दो तालाब क्षेत्र और नाना खेड़ा स्थित पेट्रोल पंपों पर शाम के समय पेट्रोल-डीजल की बिक्री बंद कर दी गई। इससे वहां पहुंचे लोगों को निराश लौटना पड़ा और कई लोग ईंधन के लिए भटकते दिखे। हालांकि, सीएनजी उपलब्ध थी। कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि पंप कर्मचारियों ने उन्हें अगले दिन सुबह ईंधन मिलने की जानकारी दी। इस स्थिति से फूड डिलीवरी जैसे कार्यों से जुड़े युवाओं का काम भी प्रभावित हुआ, जिससे उनकी आय पर सीधा असर पड़ा। हालांकि, जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी शालू वर्मा ने इन आशंकाओं को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि उज्जैन जिले में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में ईंधन का स्टॉक मौजूद है। इंडियन ऑयल के पंपों पर लगभग 690 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 904 हजार किलो लीटर डीजल उपलब्ध है। भारत पेट्रोलियम के पंपों पर 280 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 550 हजार किलो लीटर डीजल मौजूद है। इसी तरह, हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पंपों पर 450 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 650 हजार किलो लीटर डीजल उपलब्ध है। नायरा कंपनी के पंपों पर 112 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 195 हजार किलो लीटर डीजल स्टॉक में है। एचपी गैस/अन्य पंपों पर 74 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 118 हजार किलो लीटर डीजल उपलब्ध है।

कुल मिलाकर, उज्जैन जिले में लगभग 1605 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 2417 हजार किलो लीटर डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त है।

# खाड़ी देशों के युद्ध से गैस संकट जैसे हालात

### एमपीआईडीसी ने ईंधन का वैकल्पिक साधन अपनाने एवं पीएनजी कनेक्शन लेने की समझाइश दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के बीच देशभर में गैस संकट जैसे हालात बनने की आशंका है। उद्योगों को गैस की कमी न आए और औद्योगिक उत्पादन बाधित न हो, इसे लेकर एमपीआईडीसी में उद्योगपतियों की अहम बैठक हुई। बैठक में उद्योगों को भरोसा दिलाया गया कि मौजूदा स्थिति चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन हालात में सुधार के लिए सभी संबंधित एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। सप्लाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं और जल्द स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है।

एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने कहा कि कोरोना काल की तरह यह भी इमरजेंसी जैसी स्थिति है, लेकिन ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। शासन, प्रशासन और गैस कंपनियां मिलकर काम कर रही हैं, ताकि उद्योगों पर इसका न्यूनतम असर पड़े। उद्योगों से सहयोग की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल जानकारी दें, ताकि उसका त्वरित समाधान किया जा सके। साथ ही उद्योग प्रतिनिधियों को ईंधन के वैकल्पिक साधन अपनाने और उपलब्धता के अनुसार पीएनजी कनेक्शन लेने की समझाइश भी दी गई।

राठौड़ ने भरोसा दिलाया कि उद्योगों को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और किसी भी इकाई को अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी। राज्य सरकार ने प्रदेश को उपलब्ध गैस कोटे में से 5 प्रतिशत हिस्सा उद्योगों के लिए आरक्षित किया है। इससे गैस की कमी से निपटने में काफी हद तक मदद मिलेगी और उत्पादन प्रभावित नहीं होगा। इसके अलावा पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) सप्लाई को बेहतर बनाने के लिए गुजरात गैस कंपनी द्वारा तेजी से काम किया जा रहा है। फैक्टरियों तक पीएनजी लाइन डाली जा चुकी है और जल्द ही सप्लाई शुरू होने की संभावना है।

# एक्सीडेंट में घायल की कैसे बचाये जान का लाइव डेमो

### ब्लैक स्पॉट पर पुलिस ने नागरिकों को किया जागरूक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सड़क सुरक्षा को लेकर मंगलवार शाम पुलिस ने ब्लैक स्पॉट पर एक्सीडेंट में घायल की जान बचाने का लाइव डेमो दिया। घायल को सीपीआर देने का प्रशिक्षण देते हुए राहवीर योजना की जानकारी देकर नागरिकों को जागरूक किया गया।

देवासरोड स्थित नागझिरी क्षेत्र में सैफी चौराहा ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित है। यहां शाम 6 बजे पुलिस महानिरीक्षक राकेश गुप्ता, उपमहानिरीक्षक नवनीत भसीन और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा पुलिस टीम के साथ पहुंचे। सभी ने एक्सीडेंट का लाइव डेमो देकर घायल की जान बचाने के लिये लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लाइव डेमो में एक कार को आता दिखा गया, वहीं रॉंग साइड से बिना हेलमेट बाइक सवार को कार से टकराकर घायल होते बताया। एक्सीडेंट के बाद घायल की जान बचाने के लिये उसे सीपीआर कैसे दिया जाये। उसे अस्पताल तक कैसे पहुंचाये इसका प्रदर्शन भी किया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा आम लोगों को राहवीर योजना की जानकारी से अवगत कराया। जिसमें घायल को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने पर सम्मानित राशि 25 हजार से दिये जाने की जानकारी दी। ब्लैक स्पॉट पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा यातायात नियमों की कमियों को भी रेखांकित करते हुए बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने, रॉंग साइड नहीं आने ओर नियमों की अनदेखी नहीं करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान करीब 200 से अधिक नागरिकों ने सहभागिता की।

# पिस्ता के खोल पर सजी नवदुर्गा, छात्रा ने बनाया सूक्ष्म कला का विश्व रिकॉर्ड

## सिर्फ 3 सेमी सतह पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का चित्रण किया, 1 घंटे 32 मिनट में पूरा किया चुनौतीपूर्ण कार्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर की युवा चित्रकार शुभी शर्मा, छात्रा शिप्रा फाइन आर्ट्स कॉलेज उज्जैन ने सूक्ष्म कला (मिनीएचर आर्ट) के क्षेत्र में एक अनोखा विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। उन्होंने पिस्ता के खोल पर नवदुर्गा के सबसे छोटे चित्र विषय पर कार्य करते हुए मात्र 3 सेंटीमीटर (30 मिमी) के अत्यंत सीमित आकार में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का चित्रण किया। यह उपलब्धि बेहद चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। पिस्ता के खोल जैसी असमान और छोटी सतह पर ब्रश कंट्रोल, रंग संतुलन और भाव अभिव्यक्ति बनाए रखना उच्च स्तर की एकाग्रता और अभ्यास की मांग करता है। शुभी ने इस अद्भुत कला को केवल 1 घंटा 32 मिनट की अवधि में पूरा किया, जो उनकी गति और सटीकता दोनों को दर्शाता है।

सूक्ष्म कला में सबसे बड़ी चुनौती डिटेलिंग होती है-यानी बहुत छोटे आकार में चेहरे के भाव, आभूषण और प्रतीकों को स्पष्ट रूप से उकेरना। शुभी ने इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए प्रत्येक स्वरूप को अलग पहचान देने में सफलता हासिल की।

शुभी वर्तमान में शिप्रा फाइन आर्ट्स कॉलेज की छात्रा हैं। उनकी कला यात्रा बचपन से ही शुरू हो गई थी। उनके पिता, जो स्वयं कला शिक्षक और चित्रकार हैं, से उन्हें प्रारंभिक प्रेरणा मिली। इसी पारिवारिक माहौल ने उनकी रुचि को दिशा दी।

वे अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरु डॉ. अभिषेक सिंह तोमर को देती हैं। उनके मार्गदर्शन में शुभी ने न केवल तकनीकी कौशल विकसित किया, बल्कि सूक्ष्म कला की जटिलताओं को भी समझा।

यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि उज्जैन शहर के लिए भी गर्व का विषय है। साथ ही, यह युवा कलाकारों के लिए एक संदेश है कि सीमित संसाधनों में भी नई ऊंचाइयां हासिल की जा सकती हैं, शुभी की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है और युवा कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरी है।

उज्जैन
बुधवार
25
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

न प्रहष्यति सन्माने नापमाने च कुप्यति।
न क्रुद्धः परूषं ब्रूयात् स वै साधूत्तमः स्मतः।।

**अर्थः** जो सम्मान करने पर प्रसन्न नहीं होते और अपमान करने पर क्रोधित नहीं होते, क्रोधित होने पर कठोर शब्द नहीं बोलते, वे श्रेष्ठ सज्जन कहलाते हैं।

## ईरान न्यूक्लियर हथियार नहीं रखने पर सहमत हुआ, बातचीत फेल हुई तो फिर हमला संभव

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि ईरान ने न्यूक्लियर हथियार नहीं रखने पर सहमति जताई है। व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है और ईरान समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारी पहली शर्त यही है कि ईरान न्यूक्लियर हथियार नहीं बनाएगा, जिस पर सहमति बन गई है। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने युद्ध जीत लिया है। उन्होंने कहा कि ईरान की नेवी, एयरफोर्स और रडार सिस्टम काम नहीं कर रहे हैं। अमेरिकी विमान तेहरान के ऊपर उड़ रहे हैं। अगर बातचीत फेल हुई तो अमेरिका जो चाहे कर सकता है। हालांकि, ईरान ने अभी तक अमेरिका के साथ किसी भी तरह की सीधी बातचीत से इनकार किया है।



## देश की ब्लड बैंकों की अब डिजिटल निगरानी, ई-रक्तकोष पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**नई दिल्ली।** देशभर के ब्लड बैंकों पर अब सरकार की डिजिटल नजर रहेगी। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने सभी लाइसेंस प्राप्त ब्लड सेंटर्स के लिए ई-रक्तकोष पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। इसका मकसद देशभर में खून की उपलब्धता का एक सेंट्रलाइज्ड सिस्टम तैयार करना और कालाबाजारी रोकना है। इस बार सबसे बड़ा बदलाव यह है कि ई-रक्तकोष को सीधे निरीक्षण (इंस्पेक्शन) प्रक्रिया का हिस्सा बना दिया गया है। यानी जांच के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर पोर्टल पर दर्ज डेटा और वास्तविक स्टॉक का मिलान करेंगे। डेटा में हेराफेरी मिलने पर पहली बार सख्त कार्रवाई होगी। राज्यों की लाइसेंसिंग अथॉरिटी को 30 दिन में रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

## रेप केस में वांटेड पंजाब के आप विधायक हरमीत एमपी से गिरफ्तार

**पटियाला।** पंजाब में आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजारा को पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पठानमाजरा पर एक महिला ने यौन शोषण के आरोप हैं। इस मामले में उनके खिलाफ केस दर्ज हो गया था। हरियाणा के करनाल में उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया था, लेकिन वह कस्टडी से फरार होकर ऑस्ट्रेलिया भाग गए थे। उसके बाद पुलिस ने उन्हें भगौड़ा करार दिया। वह ऑस्ट्रेलिया से बार-बार लाइव होकर सरकार के खिलाफ बोलते रहे। मंगलवार देर रात जब उन्हें मध्य प्रदेश में ग्वालियर के पास शिवपुरी जिले में देखा गया तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।



## अजित पवार प्लेन क्रैश मामले में एफआईआर भतीजे ने 5 आरोप लगाए

**बेंगलुरु।** महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में डिप्टी सीएम अजित पवार की मौत के मामले में बेंगलुरु में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर उनके भतीजे और एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार की शिकायत पर दर्ज हुई है। उन्होंने हादसे को आपराधिक साजिश बताया है। उन्होंने एफआईआर में 5 मुख्य आरोप लगाए हैं। रोहित ने कहा कि उन्होंने मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन, बारामती पुलिस और महाराष्ट्र सीआईडी से संपर्क किया, लेकिन कहीं भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने 23 मार्च को बेंगलुरु में जीरो पर एफआईआर दर्ज कराई। जहां अपराध हुआ है उसे छोड़कर देश के किसी भी थाने में उस अपराध की एफआईआर दर्ज कराई जाती है तब उसे जीरो एफआईआर कहते हैं।

## मध्यप्रदेश के कई शहरों में

# पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़

### गाड़ियों की टंकियां फुल कराने पहुंचे लोग, धक्का-मुक्की, पुलिस तैनात करनी पड़ी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल/इंदौर

मध्यप्रदेश के इंदौर, उज्जैन, नीमच, झाबुआ, आगर मालवा, शाजापुर और अन्य शहरों में मंगलवार शाम पेट्रोल पंपों पर अचानक भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ईजराइल-ईरान युद्ध के बीच पेट्रोल खत्म होने और कीमतें बढ़ने की अफवाह फैलने पर लोग अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने पहुंचे।

लोगों की भीड़ इतनी बढ़ी कि कई पंपों पर धक्का-मुक्की और अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। प्रशासन और पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।



खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। अफवाहों पर विश्वास न करें और केवल अधिकृत स्रोतों से जानकारी लें। वहीं पेट्रोलियम कंपनियों ने भी कहा कि देशभर में ईंधन की कोई कमी नहीं है। अफवाहों पर ध्यान न दें और सामान्य रूप से ही ईंधन लें।

## सेंसेक्स में 1,000 अंक की तेजी

### 75,100 पर कारोबार कर रहा, निफ्टी भी 300 अंक चढ़ा, ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा बढ़त

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

शेयर बाजार में आज यानी 25 मार्च को तेजी है। सेंसेक्स करीब 1,000 अंक की तेजी के साथ 75,100 पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 350 अंक की तेजी है, ये 23,300 पर कारोबार कर रहा है। आज ऑटो, बैंकिंग और एफएमसीजी शेयर्स में ज्यादा बढ़त है। मिडिल ईस्ट का तनाव जल्द खत्म होने के संकेतः अमेरिका और ईरान के बीच सकारात्मक बातचीत की खबरों से बाजार में रौनक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच कई अहम मुद्दों पर सहमति बन गई है। ग्लोबल मार्केट से मिले अच्छे संकेतों का असरः दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ा दिया है।

## कुवैत के एयरपोर्ट पर ईरान का ड्रोन अटैक


### फ्यूल टैंक में आग लगी; इराकी लड़ाकों का अमेरिका के 23 ठिकानों पर हमला

ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 26वां दिन है। ईरान ने मंगलवार रात कुवैत के इंटरनेशनल एयरपोर्ट ड्रोन अटैक किया, जिससे वहां मौजूद फ्यूल टैंक में आग लग गई।

कुवैत की सेना ने जवाबी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि अगर कहीं धमाके की आवाज सुनाई दे रही है, तो वह दुश्मन के ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही मार गिराने की वजह से है।

सेना ने लोगों से अपील की है कि वे सरकार के सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। इससे पहले कुवैत के नेशनल गार्ड ने बताया कि उसने अपने इलाके में 5 ड्रोन मार गिराए हैं।



वहीं, इराक के एक उग्रवादी समूह इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक ने कहा है कि उसने पिछले 24 घंटे में अमेरिका से जुड़े 23 ठिकानों पर हमले किए हैं। ग्रुप के मुताबिक, इन हमलों में ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। हालांकि, इन हमलों से कितना नुकसान हुआ, इसकी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### ईरान में हमलों का असर

- अब तक करीब 1,500 लोगों की मौत, 18,551 घायल।
- मरने वालों में 8 महीने के बच्चे से लेकर 88 साल तक के बुजुर्ग।
- जंग में अब तक करीब 200 महिलाओं की मौत हुई।
- 28 फरवरी को स्कूल पर हमले में 168 बच्चों की मौत हुई।
- जंग में 55 हेल्थ वर्कर्स घायल, जिनमें 11 की मौत।

## बिल्डर और कारोबारी को धमकी मामले में जेल से शूटर गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में तीन दिन पहले बिल्डर व कारोबारी संजय जैन को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम धमकी देने के मामले में क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने बदमाश मनीष जांगिड़ को अशोक नगर (गुना) की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपी को इंदौर लाया जा रहा है।

सोमवार को क्राइम ब्रांच की 14 सदस्यीय टीम गुना पहुंची थी। मनीष जांगिड़ यहां एक आपराधिक केस में जेल में बंद है। उसे अब संजय जैन को धमकाने के केस में गिरफ्तार किया गया है। बदमाश मनीष जांगिड़ ने अशोकनगर के व्यापारी अंकित अग्रवाल और एक अन्य व्यक्ति को वॉइस नोट के जरिए मिली धमकी दी थी। इससे 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। मनीष जांगिड़ के अशोकनगर आने और यहां दहशत फैलाने से पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया था। तब से वह जेल में बंद था।



## मप्र में तापमान 38 डिग्री पहुंचा

### झारखंड में पारा 24 घंटे में 7 डिग्री बढ़ा
### हिमाचल में लगातार 5 दिन बारिश का अलर्ट



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली/भोपाल

देश में बारिश और तेज गर्मी दोनों का असर देखने को मिल रहा है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने से मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, यूपी में 27 मार्च के बाद से बारिश की संभावना बन रही है। साथ ही इन राज्यों में दिन का तापमान भी फिर से बढ़ने लगा है।

मध्य प्रदेश में साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम और ट्रफ की वजह से बादल भी छाए और गर्मी भी रही। दिन का तापमान 38 डिग्री पहुंचा। 27-28 मार्च को आंधी-बारिश का अलर्ट है। वहीं, बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और सक्रिय साइक्लोनिक सकुर्लेशन के कारण झारखंड में तापमान बदला है। राज्य में 24 घंटे में 7 डिग्री बढ़ा है। सबसे ज्यादा तापमान सरायकेला में 35.9 डिग्री रहा। हिमाचल प्रदेश में अगले 5 दिन बारिश-बर्फबारी की संभावना है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में आंधी-तूफान को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## नासिक के स्वयंभू बाबा और रेप के आरोपी अशोक भोंदू खरात के खिलाफ जांच तेज

# करीब 1,500 करोड़ रुपए की संपत्ति और 100 आपत्तिजनक वीडियो मिले

नासिक सेशन कोर्ट ने पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया

ब्रह्मास्त्र ›› नासिक/मुंबई

नासिक के स्वयंभू बाबा और रेप के आरोपी अशोक भोंदू खरात के खिलाफ जांच तेज हो गई है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम को जांच के दौरान करीब 1,500 करोड़ रुपए की संपत्ति और 100 आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। पुलिस ने खरात को मंगलवार को नासिक सेशन कोर्ट में पेश किया जहां से उसे फिर पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

कोर्ट में संक्षिप्त सुनवाई में पुलिस ने खरात पर 5 मानव बलि देने का संदेह जताया है। कोर्ट परिसर में मौजूद लोगों खरात की गाड़ी पर हमला करने की कोशिश की।

जांच का दायरा बढ़ने के बाद नासिक पुलिस और आयकर विभाग को भी इस मामले में शामिल किया गया है। नासिक जिले के सिन्नर में मंदिर ट्रस्ट चलाने वाले खरात को 18 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। 35 वर्षीय महिला ने उस पर तीन साल तक बार-बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।



### दो और केस दर्ज

इस मामले में दो और केस भी दर्ज किए गए हैं। इनमें एक सात महीने की गर्भवती महिला के साथ यौन शोषण और दूसरी महिला को दोबारा शादी कराने का झांसा देकर शोषण करने के आरोप शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि साइबर पुलिस इन वीडियो की जांच कर रही है। खरात से मिलने कई राजनेता भी आते रहे हैं। मामले की गंभीरता और व्यापकता को देखते हुए कई एजेंसियां मिलकर जांच कर रही हैं। इसमें डिजिटल सबूतों और पैसों के लेन-देन की भी जांच शामिल है।

### लोगों से जांच में मदद मांगी

- आईपीएस अधिकारी तेजस्विनी सातपुते के नेतृत्व में एसआईटी इस समय खरात के खिलाफ दर्ज छह मामलों की जांच कर रही है। टीम ने लोगों से अपील की है कि अगर उनके पास इस मामले से जुड़ी कोई जानकारी है, तो वे आगे आकर साझा करें।
- एसआईटी ने भरोसा दिलाया है कि जानकारी देने वालों और शिकायत करने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।
- जांच टीम में क्राइम ब्रांच के 5 से 10 अधिकारी शामिल हैं, जिनमें महिला पुलिसकर्मी भी हैं, ताकि पीड़ितों के बयान संवेदनशील तरीके से दर्ज किए जा सकें।
- महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक सदानंद दाते और राज्य सरकार इस जांच पर नजर रखे हुए हैं, ताकि जांच तेजी और पारदर्शिता के साथ पूरी हो सके।

## खबर एक नजर...

### ओमप्रकाश मोहने बने भाजपा अजा मोर्चा के इंदौर संभाग प्रभारी

**उज्जैन।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गुरु रविदास विश्वमहापीठ भारत के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का इंदौर संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल की सहमति और मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य की अनुशंसा पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार द्वारा की गई है।

सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद मध्य प्रदेश के महासचिव रमेश चंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि नवीन दायित्व मिलने के पश्चात ओमप्रकाश मोहने ने मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार से उनके सांवेर स्थित निज निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मोहने का साफा बांधकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर और उज्जैन के राजा बाबा महाकाल के पावन दुपट्टे से आत्मीय स्वागत किया गया। मोहने ने इस जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक विषयों एवं समाजहित के विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा भी हुई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष परमार ने ओमप्रकाश मोहने को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। वहां उपस्थित जनों ने मोहने का अभिनंदन करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा एवं मजबूती प्राप्त होगी। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और इष्ट मित्रों ने संगठन को सशक्त बनाने एवं समाजसेवा के कार्यों को और अधिक गति देने का संकल्प लिया।

### महाकाल के दरबार में पहुंची 'अहिल्याबाई' फेम भाग्यश्री न्हालवे

**उज्जैन।** सोनी टीवी के प्रसिद्ध धारावाहिक 'पुण्यश्लोक अहिल्याबाई' में महारानी अहिल्याबाई होलकर की भूमिका निभाने वाली मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री न्हालवे ने अपने पति उदय कुंदप के साथ भगवान महाकाल के दर्शन कर दुग्धाभिषेक किया। भाग्यश्री न्हालवे ने अभिनेता अजय देवगन के साथ 'तानाजी द अनसंग वॉरियर' के अलावा 'तुझ माझा अरेंज मैरेज', 'कुंकु टिकली आणि टैटू' और 'परफ्यूम' जैसी प्रस्तुतियों में अपने उत्कृष्ट अभिनय से दर्शकों के बीच एक खास पहचान बनाई है।

### उज्जैन में पेट्रोल-डीजल की कमी का भ्रम

# प्रशासन का दावा: पर्याप्त स्टॉक, कुछ पंप बंद होने से बढ़ी परेशानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में मंगलवार शाम कुछ पेट्रोल पंप बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। देशभर में ईंधन की उपलब्धता को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच यह स्थिति सामने आई, जिससे स्थानीय स्तर पर भ्रम और चिंता बढ़ गई।

देश में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर व्यापक चर्चाएं चल रही हैं। कई स्थानों पर लोग एहतियात के तौर पर अधिक मात्रा में ईंधन भरवा रहे हैं, जिससे स्थानीय आपूर्ति पर दबाव बन रहा है। इसी पृष्ठभूमि में उज्जैन में भी कुछ पंपों के बंद होने से आमजन को दिक्कतें हुईं।



शहर के दो तालाब क्षेत्र और नाना खेड़ा स्थित पेट्रोल पंपों पर शाम के समय पेट्रोल-डीजल की बिक्री बंद कर दी गई। इससे वहां पहुंचे लोगों को निराश लौटना पड़ा और कई लोग ईंधन के लिए भटकते दिखे। हालांकि, सीएनजी उपलब्ध थी। कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि पंप कर्मचारियों ने उन्हें अगले दिन सुबह ईंधन मिलने की जानकारी दी। इस स्थिति से फूड डिलीवरी जैसे कार्यों से जुड़े युवाओं का काम भी प्रभावित हुआ, जिससे उनकी आय पर सीधा असर पड़ा। हालांकि, जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी शालू वर्मा ने इन आशंकाओं को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि उज्जैन जिले में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में ईंधन का स्टॉक मौजूद है। इंडियन ऑयल के पंपों पर लगभग 690 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 904 हजार किलो लीटर डीजल उपलब्ध है। भारत पेट्रोलियम के पंपों पर 280 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 550 हजार किलो लीटर डीजल मौजूद है। इसी तरह, हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पंपों पर 450 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 650 हजार किलो लीटर डीजल उपलब्ध है। नायरा कंपनी के पंपों पर 112 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 195 हजार किलो लीटर डीजल स्टॉक में है। एचपी गैस/अन्य पंपों पर 74 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 118 हजार किलो लीटर डीजल उपलब्ध है।

कुल मिलाकर, उज्जैन जिले में लगभग 1605 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 2417 हजार किलो लीटर डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त है।

## नगरवासियों की सुख-समृद्धि के लिए महाअष्टमी पर होगी नगर पूजा, माता को लगेगा मदिरा का भोग

### अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज आज पहुंचेंगे उज्जैन, 24 खंबा माता मंदिर से शुरू होगी 28 किलोमीटर लंबी यात्रा

उज्जैन। नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर चैत्र माह की नवरात्रि के अंतिम दिन महाअष्टमी पर श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार आयोजित होने वाली नगर पूजा का निर्वहन किया जाएगा। गुरुवार को 24 खंबा स्थित माता महामाया और महालाया माता को मदिरा का भोग लगाया जाएगा। इस भव्य नगर पूजा में शामिल होने के लिए मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष, श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा के सचिव और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज आज उज्जैन आएंगे। उनके साथ अन्य संत-महंत और महामंडलेश्वर भी शामिल होंगे। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रबंधक द्वय डॉ. राहुल कटारिया और डॉ. गोविंद सोलंकी ने बताया कि प्राचीन समय से नगर पूजा होती आ रही है। कोरोना महामारी के दौरान भी अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने हरिद्वार से आकर इस परंपरा का निर्वहन किया था। इसी क्रम में गुरुवार प्रातः 8 बजे 24 खंबा माता मंदिर से नगर पूजा प्रारंभ होगी।

इस यात्रा में 28 किलोमीटर लंबे मार्ग में कोटवार एक हांडी में मदिरा की धारा लेकर चलते हैं।

# ठेकेदार पर 5 लाख की पेनल्टी लगाई, अब निरीक्षण करने रोज 10 बजे निकलेंगे

### उज्जैन में सिंहस्थ कार्यों में देरी से नाराज मेला अधिकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के संभागायुक्त और मेला अधिकारी आशीष सिंह अब प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सिंहस्थ निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। पहले ही दिन सोमवार को निरीक्षण के दौरान निमार्णाधीन दताना से पाइप फैक्ट्री तक फोरलेन मार्ग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कार्य की गति धीमी होने और निर्माण सामग्री की परीक्षण प्रयोगशाला में कैलिब्रेशन सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं होने पर सिंह ने निर्माण कार्य करने वाले संबंधित ठेकेदार पर 5 लाख रुपए की पेनल्टी लगा दी।



मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सिंहस्थ के तहत दताना से पाइप फैक्ट्री तक कुल 8.8 किलोमीटर तक निमार्णाधीन फोरलेन मार्ग के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

सिंह ने निर्माण कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री की परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। परीक्षण प्रयोगशाला में निर्माण एजेंसी द्वारा कैलिब्रेशन सर्टिफिकेट (अंशांकन प्रमाण पत्र) उपलब्ध नहीं होने पर नाराजगी जताई।

#### कम मजदूर होने पर दिखाई नाराजगी

दताना क्षेत्र में मजदूरों की संख्या कम होने से कार्य की धीमी गति को लेकर भी आशीष सिंह नाराज दिखे। उन्होंने निर्माण कार्य करने वाली संबंधित एजेंसी बिंदल कॉन्ट्रैक्टर एंड डेवलपर्स पर 5 लाख रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण यंत्री गणेश पटेल को दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फोरलेन निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री की टेस्टिंग रिपोर्ट प्रतिदिन अपडेट की जाए। निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता के साथ समय-सीमा का पूर्ण ध्यान रखा जाए। मेला अधिकारी सिंह ने हामूखेड़ी में मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

### 53वें टेपा सम्मेलन में 5 पत्रकारों को मिलेगा 'टेपा मीडिया सम्मान'

**उज्जैन।** आगामी 1 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय मूर्ख दिवस के अवसर पर कालिदास अकादमी में मालवा की हास्य-व्यंग्य संस्कृति को समर्पित 53वां अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में पत्रकार नितिन चावड़ा, राजेश पांचाल, भूपेंद्र भूतड़ा, राहुल यादव और अवनी कोठारी को 'टेपा मीडिया सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा। मनीष शर्मा ने बताया कि प्रख्यात समाजसेवी स्व. लाला अमरनाथ और टेपा सम्मेलन के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. शिव शर्मा की स्मृति को समर्पित इस 53वें सम्मेलन में मीडिया को प्रदान किए जाने वाले सम्मान के अंतर्गत मानसिंह बैस स्मृति टेपा मीडिया सम्मान पत्रिका के संपादक एवं प्रसिद्ध पत्रकार नितिन चावड़ा को प्रदान किया जाएगा। इसी तरह, पत्रकार स्व. सत्यनारायण गोयल स्मृति सम्मान वरिष्ठ पत्रकार राहुल यादव को, एडवोकेट ज्ञानस्वरूप श्रीवास्तव स्मृति सम्मान ख्यात पत्रकार भूपेंद्र भूतड़ा को, स्व. कन्हैयालाल भूतड़ा स्मृति सम्मान राजेश पांचाल को प्रदान किया जाएगा।

# उज्जैन-गरोठ हाइवे : रेलवे पटरी तक लोहे के ब्रिज का ढांचा तैयार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन-गरोठ हाइवे के शेष हिस्से का काम निपटाने के लिए हाइवे ने काम लगा दिया है। रेलवे ब्लॉक नहीं मिलने तक दोनों साइडों से लोहे का ढांचा खड़ा करते हुए ब्रिज का स्ट्रक्चर भी खड़ा कर दिया, ताकि रेलवे ब्लॉक मिलते ही पटरी के ऊपरी हिस्से पर ब्रिज खड़ा करते हुए हाइवे निर्माण निपटा दिया जाए।

देवास रोड से लगे रेलवे पटरी वाले हिस्से का काम पूरा होते ही इस रोड पर ट्रैफिक शुरू हो जाएगा। इससे मुख्य रोड का लोड भी काफी कम हो जाएगा। देवास या इंदौर से आने वाले वाहन चालकों को शहर में आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गरोठ रोड से होते हुए सीधे बाहर से ही निकल जाएंगे। लालपुर से निकले पंचक्रोशी मार्ग का लोड भी कम होगा, क्योंकि अभी गरोठ हाइवे का पटरी वाला हिस्सा नहीं बन पाने के कारण भारी वाहनों को लालपुर से ही डायवर्ट किया है। इस रास्ते पर भी ब्रिज नहीं बनने के कारण वाहन चालकों को रेलवे फाटक पार करने के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

निमार्णाधीन ब्रिज के कारण उखड़े पड़े रास्ते के पास फाटक बंद होने से ? दिन में कई बार यहां वाहनों की कतारें लगकर जाम की स्थिति बनती है। उज्जैन की कनेक्टिविटी ?दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए पिछले 3-4 साल पहले से काम चल रहा है।

उज्जैन से गरोठ तक 60 मीटर चौड़ा 136 किमी हाइवे बनाने के लिए 2700 करोड़ रुपए के टेंडर हुए। चंदेसरी से खेड़ाखजूरिया का 42.15 किमी, खेड़ाखजूरिया से सुहागड़ी का 47.8 किमी और सुहागड़ी से ब?र्डिया अमरा तक 46.15 किमी के तीन हिस्से बनाकर अलग-अलग कंपनी को जिम्मेदारी दी गई। रवि इंफ्रा और एमकेसी इंफ्रा ने अपना काम लगभग निपटा दिया। लेकिन चंदेसरी से खेड़ाखजूरिया का ठेका लेने वाली जीएचवी कंपनी उज्जैन के देवास रोड के पास अधूरे पड़े काम को निपटा नहीं सकी।

#### ब्लॉक मिलते ही ब्रिज बना जल्द हाइवे शुरू करवाएंगे

रेलवे के पास ब्रिज निर्माण का काम शुरू करवा दिया है। ब्लॉक मिलते ही पटरी के ऊपर के हिस्से पर ब्रिज बनाकर इसे जल्द शुरू करा देंगे। यह हिस्सा बनने के बाद इस रूट पर आवागमन शुरू हो जाएगा। - राहुल जाजोरिया, पीडी एनएचएआई उज्जैन

## खबर एक नजर...

### रेलवे से सेवाकर वसूली की तैयारी:प्रचार का बजट 50 लाख, खर्च किया 65 लाख

नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सम्मेलन मंगलवार को निगम मुख्यालय में हुआ, लेकिन बजट पर चर्चा टल गई। सुबह 11.30 बजे शुरू हुई बैठक बार-बार स्थगन के चलते दो घंटे बाधित रही और दोपहर 3 बजे बिना बजट पारित किए समाप्त हो गई। प्रचार-प्रसार के ज्यादा खर्च पर विपक्ष ने आपत्ति ली। पहली बार निगम का राजस्व बढ़ाने के लिए रेलवे से भी सेवाकर वसूली लेने पर चर्चा हुई।

सम्मेलन के दौरान माहौल सामान्य रहा, लेकिन फिर विपक्ष ने प्रस्ताव 7 सीए की फीस पर चर्चा के लिए समय मांगा, जिस पर सदन एक घंटे स्थगित किया। इसके बाद सदन लंच के लिए एक घंटे स्थगित किया गया। सदन 2.30 बजे तक शुरू हो सका। इसके बाद 8 प्रस्तावों पर विचार हुआ, जिनमें से सभी को स्वीकृति दी गई, लेकिन 9वां प्रस्ताव बजट पर विपक्ष ने अध्ययन के लिए समय मांग लिया, जिससे इसे 30 मार्च तक स्थगित कर दिया गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन पर खुलेगी तुलसी गौशाला

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के अवसर पर गौ सेवा एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय श्री महालक्ष्मी सेवा संस्था परिवार द्वारा ग्राम चंदेसरी में तुलसी गौशाला (देसी गोसंवर्धन) का शुभारंभ 25 मार्च 2026 (बुधवार) को प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा। यह इस संस्था द्वारा संचालित दूसरी गौशाला होगी।

संस्था का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर भटक रही निराश्रित एवं असहाय गौमाताओं को सुरक्षित आश्रय प्रदान करना है। इसके तहत गौवंश को कसाईखानों, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य खतरों से बचाकर उचित संरक्षण, भोजन और चिकित्सकीय देखभाल उपलब्ध कराई जाएगी। संस्था ने कुल 1000 गौमाताओं को सुरक्षित आश्रय देने का लक्ष्य रखा है और इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

कार्यक्रम प्रातः 11 बजे पूजन-पाठ एवं गौ माता के आगमन के साथ प्रारंभ होगा। इसके पश्चात अतिथियों व दानदाताओं का सम्मान और उद्बोधन होगा। आयोजन के दौरान अमुक जल सेवा योजना, जीव दया पशु-पक्षी आहार योजना और स्वरोजगार योजना की जानकारी भी दी जाएगी। दोपहर 2 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन होगा, जिसमें रक्तदान करने वालों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही जीव दया पात्र की जानकारी एवं आगामी पंचकोशी यात्रा सेवा शिविर की प्री-मीटिंग भी आयोजित की जाएगी।

### जीव दया महोत्सव का होगा आयोजन

इस अवसर पर अनुकंपा फाउंडेशन के तत्वावधान में 'जीव दया महोत्सव - 10' का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से अतिथि, समाजसेवी और गौभक्त उपस्थित रहेंगे। संस्था ने सभी नागरिकों से ग्राम चंदेसरी स्थित कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### खाड़ी देशों के युद्ध से गैस संकट जैसे हालात

# एमपीआईडीसी ने ईंधन का वैकल्पिक साधन अपनाने एवं पीएनजी कनेक्शन लेने की समझाइश दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के बीच देशभर में गैस संकट जैसे हालात बनने की आशंका है। उद्योगों को गैस की कमी न आए और औद्योगिक उत्पादन बाधित न हो, इसे लेकर एमपीआईडीसी में उद्योगपतियों की अहम बैठक हुई। बैठक में उद्योगों को भरोसा दिलाया गया कि मौजूदा स्थिति चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन हालात में सुधार के लिए सभी संबंधित एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। सप्लाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं और जल्द स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है।

एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने कहा कि कोरोना काल की तरह यह भी इमरजेंसी जैसी स्थिति है, लेकिन ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। शासन, प्रशासन और गैस कंपनियां मिलकर काम कर रही हैं, ताकि उद्योगों पर इसका न्यूनतम असर पड़े। उद्योगों से सहयोग की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल जानकारी दें, ताकि उसका त्वरित समाधान किया जा सके। साथ ही उद्योग प्रतिनिधियों को ईंधन के वैकल्पिक साधन अपनाने और उपलब्धता के अनुसार पीएनजी कनेक्शन लेने की समझाइश भी दी गई।

राठौड़ ने भरोसा दिलाया कि उद्योगों को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और किसी भी इकाई को अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी। राज्य सरकार ने प्रदेश को उपलब्ध गैस कोटे में से 5 प्रतिशत हिस्सा उद्योगों के लिए आरक्षित किया है। इससे गैस की कमी से निपटने में काफी हद तक मदद मिलेगी और उत्पादन प्रभावित नहीं होगा। इसके अलावा पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) सप्लाई को बेहतर बनाने के लिए गुजरात गैस कंपनी द्वारा तेजी से काम किया जा रहा है।

### अग्रसेन जयंती महोत्सव में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

# 4.52 करोड़ का पानी 7 दिन साफ नहीं रख सके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भूतड़ी अमावस्या के 18 मार्च के स्नान पर्व के लिए नर्मदा से शिप्रा में लिए 4.52 करोड़ के पानी को जिम्मेदार 7 दिन भी सुरक्षित नहीं रख पाए। जबकि दावे किए थे कि इसी पानी से 12 अप्रैल को पंचक्रोशी यात्रा के शुभारंभ का स्नान भी श्रद्धालुओं को करवा दिया जाएगा। हालात यह है कि शिप्रा में पानी काला और दूषित हो गया है। ऐसे में सवाल यह कि क्या जिम्मेदार पंचक्रोशी यात्रा के लिए नर्मदा का महंगा पानी फिर से लेंगे?

### पानी काला व बदबूदार होने के ये 3 प्रमुख कारण

**कान्ह नदी :** सबसे प्रमुख कारण शिप्रा में कान्ह का गंदा मिलना है। इंदौर से आ रहा सीवर व नाले का पानी कान्ह के जरिए शिप्रा में मिलता है। इसे रोकने के लिए बनाया मिट्टी का कच्चा बांध क्षतिग्रस्त है।

**निर्माण कार्य :** शिप्रा नदी किनारे विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे हैं। आसपास घाट निर्माण व बीच में पुल-पुलियाओं के काम हो रहे हैं। कामों के चलते मिट्टी व मटेरियल के मिलने से पानी गंदा हो रहा है।

**गंदे नाले :** शिप्रा के कैचमेंट एरिया से होते हुए कई स्थानों पर नाले नदी में मिल रहे हैं। इससे भी पानी काला हो रहा है। सिंहस्थ बायपास, रामघाट, भैरवगढ़ सहित आदि क्षेत्रों में नाले मिलते हैं।

### विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न

**बड़नगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित परियोजना-1 के सेक्टर-1 में मंगलवार को 'विद्यारंभ प्रमाण पत्र' वितरण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संयुक्त संचालक राजेश मेहरा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी के विशेष मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 5 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को आंगनबाड़ी से स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर करना था। इस अवसर पर बच्चों को 'विद्यारंभ प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्रमाणपत्र' वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 03 की पार्षद लक्ष्मी लालबहादुर बादशाह, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अमित जोशी एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### महाकाल नीलकंठ द्वार के पास विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चला

# बेगमबाग के 16 मकान-होटल एवं गेस्ट हाउस तोड़ने पहुंचा अमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने लीज नियमों का उल्लंघन करने पर महाकाल मंदिर से सटे बेगमबाग क्षेत्र में मंगलवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 मकान, रेस्ट हाउस, होटल को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। जबकि एक स्कूल को भवन खाली करने के लिए एक हफ्ते का समय दिया गया है। विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

दो पोकलेन, चार जेसीबी, पांच डंपर लेकर जिला प्रशासन, यूडीए, नगर निगम सहित पुलिस के 200 अधिकारी-कर्मचारी सुबह 8 बजे से पहले मौके पर पहुंच गए थे। यूडीए के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि यह कार्रवाई सभी दौरान 45 प्लाट पर बने 90 स्ट्रक्चर हटाए जाने हैं। बता दें कि कुल 58 अतिक्रमण हैं, जिनमें से 42 को पहले हटाया जा चुका है। 16 स्ट्रेक्चर को हटाना है।

### एक हफ्ते पहले दिए थे नोटिस

सरताज खान, खान मोहम्मद, मोहम्मद अनिज, ताहेर अली मोहम्मद यूनुस, हिना खान, मोहम्मद सलीम, अब्दुल हामिद, वारिस बेग, शाहनवाज खान, न्यू सावन पैलेस होटल, राज गेस्ट हॉउस, होटल नसीब सहित होटल डाइमंड के संचालक को एक हफ्ते पहले ही यूडीए ने मकान और होटल खाली कराने के नोटिस दिए थे।

नोटिस के बाद भी किसी ने भी अतिक्रमण नहीं हटाया। इसके बाद मंगलवार सुबह यूडीए की टीम सहित अन्य अमले ने कार्रवाई शुरू करते हुए मकानों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया।

### मालव रक्षा अनुष्ठान का आमरण अनशन स्थगित

**उज्जैन।** गाय, गंगा, गौरी और वसुंधरा के पर्यावरण संरक्षण तथा गोचर और शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण के विरुद्ध 23 मार्च, यानी शहीद भगत सिंह और उनके साथियों के शहादत दिवस से जंतर-मंतर पर प्रस्तावित मालव रक्षा अनुष्ठान का आमरण अनशन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। अनुष्ठान के संयोजक आचार्य सत्यम ने खाड़ी युद्ध की स्थिति और विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक नेताओं की अपील के बाद यह निर्णय लिया है। भारत और मध्य प्रदेश सरकार को इन गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए समय दिया गया है। हालांकि, इस बीच जन-जागरण और शिप्रा पदयात्रा की तैयारियों का अनुष्ठान जारी रहेगा। सांसद संजय सिंह ने इस आंदोलन का समर्थन करते हुए उज्जैन आकर संघर्ष में शामिल होने का वचन दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जन-समस्याओं पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## खबर एक नजर...

### श्री चिड़ार समाज क्रिकेट प्रतियोगिता में टीम 'आनंद' ने जीता फाइनल

**उज्जैन।** श्री चिड़ार समाज द्वारा आयोजित 10-10 ओवर की क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले में टीम 'आनंद' ने शानदार जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम 'आनंद' ने निर्धारित ओवरों में 74 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 'प्रेम' कड़े संघर्ष के बावजूद 61 रनों पर ही सिमट गई।

प्रतियोगिता संयोजक सन्नी गोइया ने बताया कि पहले मैच में बल्लेबाजी करने उतरी आनंद बरहा की टीम ने कप्तान की शानदार पारी की बदौलत मजबूत स्कोर खड़ा किया। आनंद बरहा ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 36 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें इ्मैन ऑफ द मैचह के खिताब से नवाजा गया। हालांकि, फाइनल मुकाबले में नारायण आठिया ने एक बेहद मुश्किल कैच लपककर आनंद की पारी का अंत किया। इस शानदार कैच को पकड़ने के प्रयास में नारायण के पैरों में चोट भी आई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रेमनारायण बरहा की टीम की शुरुआत संघर्षपूर्ण रही। मैच के दौरान रनों की बौछार कर रहे खतरनाक बल्लेबाज देव कुमार को राहुल आठिया ने एक बेहतरीन कैच लपककर पवेलियन का रास्ता दिखाया। राहुल के इस शानदार कैच ने मैच का रुख पूरी तरह से विजेता टीम की ओर मोड़ दिया। गेंदबाजी में शैलेन्द्र हनुमंतैया ने अपनी घातक गेंदों से प्रभाव छोड़ते हुए सर्वाधिक विकेट चटकाए।

### सिंधु मेले में जतिन उदासी के भजनों पर झूमा उज्जैन

**उज्जैन।** सिंधु जागृत समाज उज्जैन द्वारा 22 मार्च को अथर्व होटल में 'सिटीजन महापर्व' के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सिंधु मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाजजन और श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा आयोजन स्थल भक्ति, उल्लास और उत्साह से सराबोर नजर आया। यह आयोजन संस्था के इतिहास में अब तक का सबसे विशाल और सर्वाधिक जनसमूह वाला कार्यक्रम सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन गायक जतिन उदासी रहे। उन्होंने अपने मधुर भजनों और सिंधी गीतों की शानदार प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा कि पूरा पांडाल झूम उठा। युवाओं, बुजुर्गों और मातृशक्ति ने भक्ति रस में डूबकर इस सांस्कृतिक संध्या का भरपूर आनंद लिया। मेले में विशेष आकर्षण के रूप में बर्फ से निर्मित शिवलिंग की मनमोहक झांकी और भगवान झूलेलाल जी के भव्य मंदिर का निर्माण किया गया था, जो पूरे समय श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहा। इस ऐतिहासिक आयोजन के मुख्य सूत्रधार एवं कार्यक्रम संयोजक महेश परयानी रहे। भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम सभापति कलावती यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की भव्यता की सराहना करते हुए समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक समर्पण को बेहद प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम के मंच का सफल संचालन हर्षिता धनवानी ने किया।

### इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगे, पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा

# वतन तेरे लिए में जीवंत हुआ भगत सिंह का बलिदान

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

कालिदास अकादमी के पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल हॉल में रविवार शाम शहीद भगत सिंह के जीवन पर आधारित नाटक वतन तेरे लिए का मंचन हुआ। मंच से जैसे ही इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगे, पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। नाटक का लेखन, निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश दवे ने किया। प्रस्तुति ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं।

करीब 1 घंटा 20 मिनट के नाटक में आजादी के संघर्ष की अहम घटनाएं दिखाई गईं। जालियांवाला बाग हत्याकांड की क्रूरता सामने आई। साइमन कमीशन के विरोध के दृश्य आए। सांडर्स वध दिखाया गया। अंत में भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की फांसी के दृश्य मंच पर उतरे। अभिनय के साथ गीत, नृत्य भी रहे। इससे प्रस्तुति और असरदार बनी। पंजाबी साहित्य अकादमी, विक्रम



विश्वविद्यालय के कला शिक्षा विभाग और सिख समाज उज्जैन के सहयोग से आयोजित नाटक में 20 से अधिक कलाकारों ने काम किया। भगत सिंह की भूमिका शशिधर नागर ने निभाई। सुखदेव बने क्षितिज कुमार। राजगुरु की भूमिका भूषण जैन ने की। भगत सिंह की मां का किरदार रेखा अड्सुले ने निभाया।

जनरल डायर, एसपी की भूमिका प्रकाश देशमुख ने की। कार्यक्रम में निगम सभापति कलावती यादव, अकादमी निदेशक गोविंद गंधे, समाजसेवी एसके सलूजा, मुरलीधर माखीजा, कुलगुरु अर्पण भारद्वाज, अजीत सिंह नारंग मौजूद रहे। अध्यक्षता पंजाबी साहित्य अकादमी के निदेशक इंद्रजीत सिंह खनूजा ने की। संयोजक यूएस छाबड़ा, पिलकेंद्र अरोरा, बीएस मक्कड़ सहित सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन स्वाति कालरा और डिंपल कालरा ने किया। अजय जुल्का, राकेश ढांढ, संजय शर्मा, हरपाल चावला सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद थे। कालिदास अकादमी में करीब 1.20 घंटे की नाट्य प्रस्तुति में 20 से अधिक कलाकारों ने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया।

### विश्व क्षय दिवस पर टीबी मुक्त भारत का संकल्प

ब्रह्मास्त्र » बड़नगर

स्थानीय सिविल हॉस्पिटल में विश्व क्षय (टीबी) दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुयश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों ने टीबी के उन्मूलन और जन जागरूकता पर जोर दिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी डॉ. गुलाम नबी ने जनता से भारत को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि इटीबी कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, यदि समय पर इसकी पहचान कर उपचार शुरू कर दिया जाए, तो मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है।इ अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. सुयश श्रीवास्तव ने बताया कि दवाइयों के साथ-साथ मरीज का पोषण आहार रिकवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं, एसटीएस जगदीश अजमेरी ने भारत को टीबी मुक्त बनाने की सरकारी अवधारणा और प्रयासों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. पल्लवी सोलंकी, डॉ. वंदना डावर, डॉ. जयती भंडारी, फार्मासिस्ट कन्हैयालाल वर्फा, बीई दिनेश कुमार पंचोली, टीबीएचवी किरण वर्मा, जगदीश परमार और विजय कटारिया उपस्थित थे।

### राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल को समर्पित काव्य अनुष्ठान आज

**उज्जैन।** प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन द्वारा राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल को समर्पित काव्य अनुष्ठान का आयोजन आज 25 मार्च बुधवार को किया जा रहा है। यह आयोजन शाम 6 बजे से सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के शलाका हॉल में होगा। इस कवि संगम की अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य राजेश सिंह कुशवाह करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय कवि दिनेश दिग्गज द्वारा किया जाएगा। इस काव्य यज्ञ में वीर रस के कवि और भारत माता की आरती के रचयिता देवकृष्ण व्यास देवास, गीतकार दर्द शुजालपुरी खरगोन, मंजू कटारे ललितपुर उत्तर प्रदेश, ख्यात आशुकवि नरेन्द्र सिंह अकेला और हास्य कवि मुकेश मासूम खातेगांव अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश के निदेशक डॉ. विकास दवे और प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन के निदेशक मुकेश जोशी ने सभी काव्य रसिकों एवं सुधीजनों से इस आयोजन में पधारकर कविताओं व गीतों का आनंद लेने का आग्रह किया है।

# माच शैली में किया शहीद भगत सिंह का मंचन

### उज्जैन के माच गुरु सुंदरलाल मालवीय के निर्देशन में कलाकारों ने दी भावांजलि

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर राजधानी के शहीद भवन में विशेष नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया गया। मालवा की पारंपरिक लोक नाट्य शैली माच में 'शहीद भगत सिंह' के जीवन और उनके सर्वोच्च बलिदान को मंच पर जीवंत किया गया।

इस गौरवशाली गाथा का मंचन सुवासा माच घराना के कलाकारों द्वारा किया गया। नाटक का निर्देशन, परिकल्पना एवं संगीत उज्जैन के प्रतिष्ठित माच गुरु सुंदरलाल मालवीय ने तैयार किया। नाटक का लेखन सुंदरलाल मालवीय एवं यशस्विनी निगम द्वारा किया गया है, जबकि आलोकन जगरूपसिंह चौहान का रहा।

प्रस्तुति में देशप्रेम की भावना को विभिन्न कलाकारों ने अपनी भूमिकाओं से प्रभावी बनाया। नाटक में भगत सिंह की भूमिका कबीर मालवीय ने निभाई। चंद्रशेखर आजाद व सुखदेव के किरदार





में आदर्श यादव, पिता किशन सिंह एवं लाला लाजपत राय की भूमिका में पंकज आचार्य और बटुकेश्वर दत्त व राजगुरु के रूप में नमन गुप्ता नजर आए। दुर्गा भाभी का किरदार रागिनी चौहान, मां का किरदार खुशी लोधी और बाल कलाकार की भूमिका मास्टर वीरांश चौहान ने निभाई।

अन्य महत्वपूर्ण पात्रों में बेढब के रूप में प्रकाश देशमुख, भिष्ति व सिपाही के रूप में नरेन्द्र वर्मा, जयपाल के रूप में पवन मालवीय, वार्डर साहब व सिपाही के रूप में दयाराम सारोलिया एवं जज व पुलिस अधिकारी के रूप में अतुल सेन ने अपने अभिनय की छाप छोड़ी। फर्रासन के रूप में गार्गी आचार्य, अंशिता नामदेव, हर्षिता ठाकुर एवं यशस्विनी निगम ने मंच पर अपना सहयोग दिया। माच शैली की इस प्रस्तुति में संगीत ने दर्शकों को बांधे रखा। इसमें हारमोनियम पर स्वयं सुंदरलाल मालवीय, ढोल पर सूरज चक्रावदिया और पुस्तकेजी के रूप में यशस्विनी निगम ने साथ दिया। नाटक के वस्त्र विन्यास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी यशस्विनी निगम ने सफलतापूर्वक निभाई। विधायक विश्राम गृह परिसर स्थित शहीद भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कला प्रेमी और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण का अभिप्राय प्रकृति का संरक्षण है

### माधव कॉलेज में 'जल और लैंगिक' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के भूगोल विभाग में विश्व जल दिवस के अंतर्गत 'जल और लैंगिक' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रकृति और जल संरक्षण पर जोर

भूगोल विभाग एवं प्रकृति शोध संस्थान क्षेत्रीय कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें उदयपुर के विषय विशेषज्ञ व भूगोलविद् प्रो. पी.आर. व्यास ने प्रकृति के संरक्षण, पंचतत्व का संरक्षण, बड़े शहरों के निर्माण और प्रति व्यक्ति जल की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वर्तमान में मानव द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण तथा प्लास्टिक से जमीन, नदी, वातावरण, मिट्टी और जल के प्रभावित होने पर गहरी चिंता व्यक्त की।

प्रो. व्यास ने कहा कि मां गंगा का जल अमृत के समान है, परंतु हमें क्षिप्रा मैया के जल को प्रदूषण मुक्त करने हेतु अभियान चलाने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने इको टूरिज्म को बढ़ावा देने की बात कहते हुए जल संरक्षण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया। साथ ही प्रकृति को सुरक्षित रखने और कृषि में ऑर्गेनिक फार्मिंग का उपयोग करने पर बल देते हुए उद्योगों के दूषित जल को नदियों में प्रवाहित न करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल संरक्षण का अभिप्राय ही प्रकृति का संरक्षण है।

कार्यशाला में मध्य प्रदेश सामाजिक शोध संस्थान के एमेरिटस प्राध्यापक प्रो. वाय.जी. जोशी ने जल को भारतीय संस्कृति का अटूट अंग बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में सभी तीर्थ स्थल नदियों के किनारे बसे हुए हैं। इस्लाम में रोजे को मानव शरीर के मरुस्थल में जीवन के अनुकूलन से जोड़ते हुए उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. जोशी ने बताया कि सभी धर्मों के पर्वों में प्रकृति के माध्यम से जल संरक्षण की शिक्षा मिलती है।

कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले द्वारा किया गया। अतिथि परिचय डॉ. नूतन पँवार ने दिया, जबकि संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। आभार डॉ. गणेश राठौड़ ने व्यक्त किया। कार्यशाला में शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय की भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमिला बघेल विशेष रूप से उपस्थित थीं।

इस अवसर पर भूगोल के सहायक प्राध्यापक प्रो. आनंद सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 5 दिवसीय नि:शुल्क दर्द रहित फिजियो केयर शिविर का शुभारंभ

**उज्जैन।** श्री धन्वन्तरी आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं शोध केंद्र न्यास उज्जयिनी तथा कॉटन मर्चेंट शैक्षणिक एवं परमार्थिक न्यास माधव गौशाला परिसर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार से विशाल 5 दिवसीय 'नि:शुल्क दर्द रहित फिजियो केयर शिविर' का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 28 मार्च तक शहर के बम्बाखाना, लखेरवाड़ी स्थित पुराना कालिदास मॉन्टेसरी स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा।

शिविर का विधिवत उद्घाटन ख्यात यूरो सर्जन डॉ. पुनीत महाडिक ने भगवान धन्वंतरि का पूजन और दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात अभिषेक सावेरकर ने श्री धन्वंतरि वंदना प्रस्तुत की।

# रॉयल कॉलेज का कीर्तिमान- 10 विद्यार्थियों ने वि.वि. की प्रावीण्य सूची में दर्ज कराया नाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा घोषित वार्षिक परीक्षा परिणामों की प्रावीण्य सूची में रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज, रतलाम के विद्यार्थियों ने एक बार फिर संस्थान का नाम रौशन किया है।विश्वविद्यालय द्वारा जारी सत्र 2025 की मेरिट सूची में संस्थान के कुल विद्यार्थियों ने टॉप-15 में अपनी जगह बनाई है। संस्थान की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रबंधन ने बताया कि एमबीए, बीबीए और बीसीए जैसे प्रमुख पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों ने कड़े परिश्रम से विश्वविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किए हैं।

कु. प्रांजल गौतमी पिता कैलाश चंद्र गौतमी, विश्वविद्यालय मे 8वां स्थान (76.81 प्रतिशत), कु. चंचल पाटीदार पिता हिम्मत पाटीदारझ विश्वविद्यालय में 12वां स्थान (75.71 प्रतिशत), कु. मोना पाटीदार पिता सुरेशचंद्र पाटीदार, विश्वविद्यालय में 14वां स्थान (75.33 प्रतिशत)। बी.सी.ए. तृतीय वर्ष कु. खुशी पंवार पिता अजय पंवार - विश्वविद्यालय में ६ठा स्थान (8.55 अंक), कु. प्राची सुथार पिता मुकेश सुथार, विश्वविद्यालय में 13वां स्थान (8.38 अंक)।

कु. लितिका चेलानी पिता अशोक चेलानी, विश्वविद्यालय में 5वां स्थान (8.45 अंक), कु. नंदिनी नकवाल पिता सोनू नकवाल, विश्वविद्यालय में ६ठा स्थान (8.42 अंक), कु. राशी खरे पिता कपिल खरे, विश्वविद्यालय में 8वां स्थान (8.38 अंक), कु. कशिश दिया पिता दिलीप दिया, विश्वविद्यालय में 9वां स्थान (8.37 अंक), कु. नबीहा खान पिता रियाज खानझ विश्वविद्यालय में 12वां स्थान (8.32 अंक) विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन प्रमोद गुगालिया ने सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और प्राध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन उनकी मेहनत और संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। रॉयल कॉलेज सदैव अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था के निदेशक एवं समस्त स्टाफ ने भी मेरिट में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## जिले की मंडियों में किसान सेवा सप्ताह की शुरूआत,कृषकों का होगा अभिनंदन

मन्दसौर। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा मंदसौर जिले की समस्त कृषि उपज मंडियों में च्किसान सेवा सप्ताहज् अभियान का शुभारंभ किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व और राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया व संभाग प्रभारी नानालाल अटोलिया के मार्गदर्शन में यह अभियान 23 से 29 मार्च तक चलाया जा रहा है। किसान मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी गणपतसिंह आंजना और जिला महामंत्री योगेन्द्रसिंह चुण्डावत ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित इस सप्ताह के तहत उन्नत किसानों का सम्मान, जल सेवा और स्वास्थ्य शिविर जैसे सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार, 25 मार्च को मंदसौर कृषि उपज मंडी में किसानों के लिए विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। अभियान के दौरान भाजपा पदाधिकारी किसानों के बीच पहुँचकर केंद्र व राज्य सरकार की कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा कर रहे हैं।

## मल्हारगढ़ में किसान कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन, ऊँट को जीरा खिलाकर सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मल्हारगढ़



मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के आह्वान पर मल्हारगढ़ ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गाडगिल चौराहे पर अनोखा एवं जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने ऊँट को जीरा खिलाकर प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा गेहूं की खरीदी पर दिया जा रहा बोनस ऊँट के मुंह में जीरा के समान है, जो किसानों के साथ अन्याय है। इस अनोखे प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को जगाने का प्रयास किया गया।

प्रदर्शन के पश्चात किसान एवं कांग्रेसजन रैली के रूप में गाडगिल चौराहे से एसडीएम कार्यालय पहुंचे। रैली में ऊँट को भी साथ ले जाया गया, जो पूरे कार्यक्रम का आकर्षण रहा। एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम स्वाति तिवारी को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत पाटीदार ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि सहकारी समितियों में ऋण जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए, ताकि किसान गेहूं विक्रय के बाद बिना ब्याज ऋण जमा कर सकें। उन्होंने सोयाबीन ऑयल के टैक्स-फ्री आयात पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि इससे देश के किसानों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने, गेहूं का समर्थन मूल्य 4 हजार रुपये प्रति क्विंटल करने तथा वर्ष 2019 की बाढ़ से वंचित किसानों को राहत प्रदान करने की भी मांग की। प्रदेश सचिव मल्हारगढ़ विधानसभा से प्रत्याशी रहे परशुराम सिसोदिया ने संबोधन में कहा कि आज प्रदेश का किसान चारों तरफ से घिरा हुआ है–प्राकृतिक आपदाएं उसकी फसलें उजाड़ रही हैं और सरकार की नीतियां उसकी उम्मीदें तोड़ रही हैं।

## नीमच में कलेक्टर ने जन सुनवाई मे 74 आवेदकों की सुनी समस्याएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए 4 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।



जनसुनवाई में बालागंज मनासा के सुनिल, अरनिया मामागिर के मदनलाल, नयागांव के सत्तु धाकड़, नीमच की जयश्री, दमोदपुरा की जानीबाई, सरोदा की मांगीबाई, भगवानपुरा के गोपाल, धनेरियाकलां की निर्मला, बरखेडा हाडा के किशोरदास, बोरदियाकला के कचरूलाल, बघाना के मुन्नालाल, बामनिया के शिवनारायण पाटीदारने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। नगर पालिका परिषद की बजट बैठक आगामी 30 मार्च, सोमवार को आयोजित होने जा रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रेमकुमार सुमन ने बताया कि यह बैठक प्रातः 11.30 बजे नगर पालिका के सभाकक्ष में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न होगी

## जिले की 205 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

**मन्दसौर।** विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस के उपलक्ष्य में कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में कलेक्टर अदिती गर्ग, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया और नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की उपस्थिति में जिले की 205 ग्राम पंचायतों को आधिकारिक रूप से टीबी मुक्त घोषित किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर संबंधित पंचायतों के सरपंचों, सचिवों और स्वास्थ्य कार्यकताओं को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने इस सफलता का श्रेय टीम वर्क और जमीनी स्तर पर हुई निगरानी को दिया। विधायक श्री जैन ने जानकारी दी कि मंदसौर जिला टीबी उन्मूलन में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर रहा है, जो पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। पूर्व विधायक श्री सिसोदिया ने डोर-टू-डोर सर्वे की भूमिका को सराहा। कार्यक्रम में टीबी मुक्ति संकल्प पत्र का विमोचन हुआ और अंत में टीबी मुक्त भारत प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर गाँव-गाँव में जागरूकता फैलाने हेतु रवाना किया।

## रोटरी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जुटेंगे 11 क्लबों के पदाधिकारी

मन्दसौर। रोटरी क्लब मंदसौर के आतिथ्य में रोटरी मंडल 3040 का दो दिवसीय प्रादेशिक प्रशिक्षण शिविर आगामी 28 व 29 मार्च को मंदसौर आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम के इवेंट चेयरमैन सीए दिनेश जैन एवं क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट 3040 के आगामी मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठारी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में रीजन-2 के 11 विभिन्न क्लबों के 85 से अधिक निर्वाचित पदाधिकारियों ने सहभागिता की पुष्टि की है। सहायक मंडलाध्यक्ष संजय गोठी एवं सचिव कपिल भंडारी ने बताया कि शिविर में वर्ष 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्षों और सचिवों को रोटरी की वैश्विक योजनाओं, क्लब मैनेजमेंट और सेवा प्रकल्पों का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्तमान मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा इस सत्र को वर्चुअली संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। शिविर के दौरान एक विशेष अनुदान सत्र भी रखा गया है। 28 मार्च की संध्या को भव्य संगीत निशा का आयोजन भी किया जाएगा।

## संक्रमण के विरूद्ध जनसंकल्प का दिन करवाया अवगत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

सिविल हॉस्पिटल के न्यू मैटरनिटी विंग में वर्ल्ड टीबी डे मंगल वार को वर्कशॉप आयोजित की गई,

प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि कार्यशाला को संबोधित करते हुए डा शंकरलाल खराड़ी सीबीएमओ ने कहा कि आज संक्रमण के विरूद्ध जनसंकल्प का दिन है। हो हो डब्लयू एच ओ के अनुसार हर साल 3500 लोगो की मृत्यु टीबी के कारण होती है। विश्व स्तर पर टीबी के मामलों में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले हमारे देश की है।

अभी हमारी चुनौती समाप्त नहीं हुई है ।टीबी के विस्तार के प्रमुख कारणों में कुपोषण, धूम्रपान,गरीबी, कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता, भीड़भाड़ वाली जगह आदि है । हम 2030 तक सामूहिक प्रयासों से टीबी रोग समाप्ति की दिशा में अग्रसर है।,सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया ने कहा कि टीबी के उपचार में व्यापक बदलाव हुआ है ।मुफ्त जांच,उपचार, पोषण सहायता, डिजिटल निगरानी, को बढ़ावा दिया जा रहा है ।टीबी मुक्त पंचायते जन भागीदारी को मजबूत कर रही है। हर साल 24 मार्च की वर्ल्ड टीबी डे इसलिए मनाया जाता है कि लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके।

## पुलिस जन सुनवाई शिकायत शिविर आयोजित

**नीमच।** पुलिस विभाग की जिला स्तरीय शिकायत निवारण एवं पीएम हेल्पलाइन निवारण शिविर का आयोजन किया गया द्य जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा शिविर में सीएम हेल्पलाइन की 39 शिकायतों के संतुष्टि पूर्वक निराकरण सहित जन सुनवाई में आयें लगभग 45 आवेदकों की शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश।

## भारत विकास परिषद में अध्यक्ष शेखर नाहर एवं गोपाल सेठिया सचिव बने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा




भारत विकास परिषद के नवीन पदाधिकारीयो का निर्वाचन चुनाव अधिकारी नरेंद्र त्रिवेदी एवं मंदसौर शाखा सचिव दिलीप सेठिया के मार्गदर्शन में हुआ।

परिषद के अध्यक्ष शेखर नाहर सचिव गोपाल सेठिया एवं कोषाध्यक्ष निलेश जोशी चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो का संस्था द्वारा सम्मान किया गया। प्रांतीय संस्कार प्रमुख नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने कहा कि वर्ष 2025-26 में शाखा जावरा ने सेवा संस्कार एवं समर्पण भाव से धार्मिक सामाजिक एवं सनातन संस्कृति के अनुरूप उत्कृष्ट कार्य करते हुए मध्य भारत प्रांत में विशेष पहचान बनाई ।निवर्तमान अध्यक्ष पप्पू सिंह राठौर एवं टीम के कार्यों को सहराते हुए नए पदाधिकारीयो को संस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आवाहन किया । संस्था संरक्षक मनोज अग्रवाल ने कहा नेत्रदान, रक्तदान, भारत को जानो, एवं समूह गान आदि गतिविधियों के माध्यम से संस्था ने उच्च स्थान प्राप्त किया है। अध्यक्ष राठौर ने कहा की संस्था सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं समाज सेवा के कार्यों के लिए निरंतर कार्यरत है । इस मौके पर ईश्वर प्रसाद त्रिवेदी, परामर्शदाता संतोष मेडतवाल ,अरविंद पाटीदार ,दिनेश भावसार ,यश जैन, प्रदीप शर्मा ,दीपक साधु , मनीष जाजोदिया आदि उपस्थित थे ।आभार दीपक गर्ग ने व्यक्त किया।

## बढ़ती महंगाई व गैस किल्लत के विरुद्ध युवा कांग्रेस ने सड़क पर बनाई चाय

मन्दसौर। रसोई गैस की बेतहाशा बढ़ती कीमतों और सिलेंडरों की भारी किल्लत के विरोध में जिला युवा कांग्रेस ने मंगलवार को गांधी चौराहे पर तीखा विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष दुर्गेश पटेल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए अनोखा तरीका अपनाया; उन्होंने बीच सड़क पर लकड़ी का चूल्हा जलाया और उस पर चाय बनाकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया। दुर्गेश पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना के नाम पर ठगी की गई है, आज सिलेंडर आम आदमी की पहुँच से बाहर होकर शो-पीस बन गए हैं। कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि गैस के दाम तत्काल कम नहीं किए गए और वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो युवा कांग्रेस गांव-गांव जाकर इस आंदोलन को और उग्र करेगी। इस दौरान कांग्रेस के मनोहर नाहटा, अम्बालाल हिंगोरिया, जावेद पटेल, पायल जैन, मुस्तकिम कुरेशी, जीतू पाटीदार, विनोद पटेल, सुनील बसेर, राखी सत्रावाला, सुनीता बंडी, देवेन्द्र अटोलिया, मनीष मेहर, सुनील राठौर, राकेश पाटीदार आदि अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे। संचालन नेहा जैन ने किया

### रैपर बादशाह की दूसरी शादी की चर्चा तेज

# इशा रिखी संग वायरल तस्वीरों ने बढ़ाई अटकलें



मशहूर रैपर बादशाह एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर उनकी पंजाबी अभिनेत्री इशा रिखी के साथ कथित शादी की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिससे फैंस के बीच हलचल मच गई है। हालांकि इन खबरों को लेकर अब तक दोनों की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है, लेकिन वायरल तस्वीरों ने चर्चाओं को और हवा दे दी है।

बताया जा रहा है कि बादशाह और इशा रिखी ने एक निजी समारोह में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शादी की है। सामने आई तस्वीरों में दोनों पारंपरिक परिधान में नजर आ रहे हैं और शादी की रस्में निभाते दिख रहे हैं। खास बात यह है कि इन तस्वीरों में दोनों के गले में वरमाला भी दिखाई दे रही है, जिसने इस पूरे मामले को और मजबूत कर दिया है।

इस कथित शादी की चर्चा तब और तेज हो गई, जब इशा रिखी की मां पूनम रिखी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें साझा कीं।







इन तस्वीरों के साथ उन्होंने आशीर्वाद भरा संदेश भी लिखा, जिसे लोग इस रिश्ते की पुष्टि के तौर पर देख रहे हैं। हालांकि परिवार की ओर से भी कोई स्पष्ट बयान नहीं आया है, जिससे अभी भी स्थिति पूरी तरह साफ नहीं हो पाई है।

इशा रिखी पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी और 2013 में फिल्म जट्ट बॉयज पुत जट्टन दे से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने हैप्पी गो लकी, मेरे यार कमीने और अरदास जैसी फिल्मों में काम किया। साल 2018 में उन्होंने बॉलीवुड फिल्म नवाबजादे से हिंदी सिनेमा में भी एंट्री की थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, बादशाह और इशा की मुलाकात करीब चार साल पहले एक कॉमन फ्रेंड की पार्टी में हुई थी। संगीत और फिल्मों को लेकर समान रुचि के कारण दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और धीरे-धीरे उनका रिश्ता गहरा होता चला गया। हालांकि बादशाह ने हमेशा अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखा है और अपने रिश्तों को लेकर खुलकर बात नहीं की है।

गौरतलब है कि बादशाह का पहले अपनी पत्नी जैस्मिन मसीह से तलाक हो चुका है। इसके बाद से ही उनकी निजी जिंदगी को लेकर समय-समय पर अटकलें लगती रही हैं। अब इन वायरल तस्वीरों के सामने आने के बाद एक बार फिर उनकी पर्सनल लाइफ चर्चा का विषय बन गई है।

फिलहाल, इस पूरे मामले में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है। फैंस बेसब्री से यह जानना चाहते हैं कि क्या वाकई बादशाह और इशा रिखी ने शादी कर ली है या फिर ये तस्वीरें किसी अन्य कार्यक्रम से जुड़ी हैं। जब तक दोनों की ओर से कोई स्पष्ट बयान नहीं आता, तब तक यह खबर अटकलों और चर्चाओं के दायरे में ही बनी हुई है।

# डकैत में दिखेगी एंग्री लव स्टोरी

### अदिवि शेष ने कहा- इंडियन सोल और अमेरिकन टेक्नीक का मेल है ये फिल्म

अदिवि शेष जल्द ही डकैत: ए लव स्टोरी में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उनके साथ मृणाल ठाकुर भी हैं।






**यह प्रेम कहानी होने के बावजूद आपने शीर्षक 'डकैत' क्यों चुना?**

फिल्म का विचार हमारे सिनेमाई जुनून और पुरानी यादों का मेल है। मैं और मेरे करीबी दोस्त व निर्देशक शनि, हम दोनों ही द मैग्निफिसेंट सेवन' और द गुड, द बैड एंड द अग्ली' जैसी क्लासिक काउबॉय फिल्मों के प्रशंसक रहे हैं। काफी समय से मेरा मन एक प्रेम कहानी पर काम करने का था, लेकिन मैं उसे पारंपरिक रूप में नहीं देखना चाहता था। हमने सोचा, क्या होगा अगर तपते रेगिस्तान, रेल की पटरियों, बंदूकों और खून-खराबे के उस खौफनाक काउबॉय माहौल के बीच एक एंग्री लव स्टोरी' बुनी जाए? बस, इसी कल्पना ने डकैत' को जन्म दिया। यह असल में डकैती के हिंसक बैकड्रॉप में रची गई एक ऐसी प्रेम कहानी है, जहां दो किरदारों के बीच प्यार और नफरत का एक बेहद बारीक और गहरा संघर्ष चलता है।

**क्या लीड पेयर पूरी तरह से डकैती से जुड़ा है?**

देखिए जब माहौल ही इतना कठोर हो, तो किरदारों को भी उसी रंग में ढलना पड़ता है। यही वजह है कि यह कहानी एक बिल्कुल अलग और यूनिक संयोजन बनकर सामने आई है। आमतौर पर दर्शक या तो पूरी तरह एक्शन से भरी फिल्म देखते हैं, या फिर एक ऐसी प्रेम कहानी, जहां भावनाएं आंसुओं और गीतों में बहती हैं। लेकिन हमने इस सोच को थोड़ा मोड़ा। हमने तय किया कि इस बार प्यार की बात तो होगी, लेकिन उस नरम, मासूम अंदाज में नहीं, बल्कि गुस्से, टकराव और तीखे जज्बातों के साथ। यानी यह एक ऐसी प्रेम कहानी है, जहां भावनाएं दबी नहीं रहती, बल्कि खुलकर, तेज और कभी-कभी चिल्लाते हुए सामने आती हैं।

**इस फिल्म में आपने प्यार का कौन सा अनछुआ पहलू छुआ है?**

फिल्म डकैत की प्रेम कहानी पारंपरिक सामाजिक संघर्षों, जैसे जाति, धर्म या अमीरी-गरीबी तक सीमित नहीं है। इसका केंद्र किरदारों की आंतरिक संवेदनाएं और उनके निजी अनुभव हैं। यहां प्रेम को एक बेहद व्यक्तिगत एहसास की तरह दिखाया गया है, जो माता-पिता और संतान के रिश्ते जितना गहरा हो सकता है। जब भावनाएं इतनी निजी हो जाती हैं, तो उनका प्रभाव भी अनोखा बनता है। कहानी इस बात को टटोलती है कि कोई रिश्ता क्यों खास बनता है और टूटने पर भीतर क्या बदल जाता है, यही इसकी असली ताकत है।

**' एक्शन और इसकी कोरियोग्राफी आपके लिए कैसी रही?**

मैं अपनी एक्शन कोरियोग्राफी के लिए, जाना जाता हूं। मैं नियमित रूप से मास' फिल्में नहीं करता, बल्कि मुझे हाइपर-रियल' एक्शन पसंद है, जो दिखने में असली भी लगे और ग्लैमरस भी। अगर मेरी फिल्म में कोई बंदा हवा में उड़ रहा है, तो उसके पीछे एक तार्किक कारण होना चाहिए। इस फिल्म के निर्देशक सुनील, जो मेरे बहुत अच्छे दोस्त भी हैं, उन्होंने सिनेमैटोग्राफी की थी। वह अब डायरेक्टर बन गया है। हम दोनों की एक्शन को लेकर जो अमेरिकन सेंसिबिलिटी है, उसे हम इस फिल्म में लेकर आए हैं। हॉलीवुड की तकनीक और जिस तरह से वे एक्शन को कट और डायरेक्ट करते हैं, हमने उसे इस्तेमाल किया है। आप इसे इंडियन सोल और अमेरिकन टेक्नीक का मेल कह सकते हैं।

**अनुराग कश्यप से इस प्रोजेक्ट को लेकर पहली बार कब बात हुई?**

मेरे दोस्त शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य की शादी का मौका था, जहां अनुराग कश्यप भी मौजूद थे। मैंने मौका देखते ही अनुराग सर का हाथ पकड़ा और उसी माहौल में उन्हें डकैत की कहानी सुनानी शुरू कर दी। शादी के जश्न के बीच ही मैंने उन्हें फिल्म के लिए पिच किया और इसी तरह वे हमारे इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन गए।



### फिटनेस टेस्ट नहीं, जर्सी नंबर बदलने पर बताना होगा; ड्रेसिंग रूम में सिर्फ स्टाफ को एंट्री

# आईपीएल गाइडलाइन- मैच के दिन प्रैक्टिस पर रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



आईपीएल 2026 के लिए बीसीसीआई ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत मैच के दिन कोई भी टीम प्रैक्टिस नहीं कर सकेगी। साथ ही खिलाड़ियों के लिए मैच-डे पर फिटनेस टेस्ट नहीं होगा। वहीं जर्सी नंबर बदलने से 24 घंटे पहले जानकारी देनी होगी और ड्रेसिंग रूम में सिर्फ स्टाफ को ही एंट्री मिलेगी। आईपीएल की शुरूआत 28 मार्च से होगी। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जाएगा। बीसीसीआई ने 11 मार्च को आईपीएल 2026 के पहले फेज का शेड्यूल जारी किया है।

**विरोधी टीम के नेट्स का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे-** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीमों के लिए अलग व्यवस्था की गई है। यहां दोनों टीमों को प्रैक्टिस के लिए अलग-अलग विकेट मिलेंगे और कोई भी टीम विरोधी टीम के विकेट का इस्तेमाल नहीं कर सकेगी।

**प्रैक्टिस से जुड़े मुख्य नियम-** हर टीम को प्रैक्टिस एरिया में दो नेट और मुख्य स्क्वायर पर एक साइड विकेट दिया जाएगा। मुंबई में यदि दोनों टीमें एक साथ अभ्यास करती हैं, तो उन्हें दो-दो विकेट दिए जाएंगे। ओपन नेट की अनुमति नहीं होगी, जिससे अभ्यास व्यवस्थित रहे। साथ ही, अगर कोई टीम अपनी प्रैक्टिस जल्दी खत्म कर देती है, तो दूसरी टीम उसके विकेट का उपयोग नहीं कर सकेगी। सबसे अहम नियम यह है कि मैच के दिन किसी भी प्रकार की प्रैक्टिस पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

**मैच के दिन फिटनेस टेस्ट नहीं होगा-** मैच के दिन मुख्य स्क्वायर पर किसी भी तरह का फिटनेस टेस्ट नहीं किया जाएगा। खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए टीम बस से ही आना होगा, हालांकि जरूरत पड़ने पर उन्हें दो बैच में लाया जा सकता है। खिलाड़ियों के परिवार और दोस्त अलग वाहन से आएंगे और केवल हॉस्पिटैलिटी एरिया से ही प्रैक्टिस देख पाएंगे। ड्रेसिंग रूम और मैदान पर सिर्फ अधिकृत स्टाफ को ही प्रवेश की अनुमति होगी, ताकि सुरक्षा और अनुशासन बना रहे।

**स्टाफ को एक्रेडिटेशन कार्ड रखना होगा-** मैच के दिन सभी अधिकृत स्टाफ के लिए एक्रेडिटेशन कार्ड साथ रखना अनिवार्य होगा, अन्यथा जुर्माना लगाया जाएगा। खिलाड़ियों को छएऊबोर्ड के पास बैठने या गेंद हिट करने से बचने की सलाह दी गई है। ब्रॉडकास्ट के नियमों के तहत शुरूआती ओवरों में ऑरेंज और पर्पल कैप पहनना जरूरी होगा। इसके अलावा, पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन के दौरान स्लीवलेस जर्सी या फ्लॉपी पहनने की अनुमति नहीं होगी। मैच के दिन केवल 12 सपोर्ट स्टाफ (जिसमें डॉक्टर भी शामिल है) को ही टीम के साथ रहने की अनुमति मिलेगी।

**जर्सी नंबर बदलने की जानकारी देनी होगी-** टीमों को अपने खिलाड़ियों के जर्सी नंबर में किसी भी बदलाव की जानकारी कम से कम 24 घंटे पहले देनी होगी। इन सभी नए नियमों का उद्देश्य मैच के दौरान अनुशासन बनाए रखना और सभी टीमों के लिए समान परिस्थितियां सुनिश्चित करना है।

## डकेट ने आईपीएल से नाम वापस लिया

### 2 साल के बैन का खतरा सीएसके ने एलिस की जगह जॉनसन को किया शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट ने आईपीएल 2026 से नाम वापस ले लिया है। खराब फॉर्म के बीच अपने टेस्ट करियर पर ध्यान देने के लिए उन्होंने यह फैसला लिया। हालांकि, आखिरी समय पर हटने के कारण उन्हें आईपीएल से दो साल के बैन का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि पिछले साल फ्रेंचाइजियों ने ऐसे विदेशी खिलाड़ियों पर सख्ती करने का फैसला किया था। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को टीम में शामिल किया है। उन्हें चोटिल नाथन एलिस की जगह रिप्लेसमेंट के तौर पर 1.5 करोड़ रुपये की बेस प्राइस पर साइन किया गया है। एलिस पुरानी हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते पूरे टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। दिसंबर में हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने बेन डकेट को 2 करोड़ रुपये में खरीदा था। डकेट पहली बार आईपीएल खेलने वाले थे, लेकिन टीम में विदेशी खिलाड़ी के स्लॉट के लिए उन्हें श्रीलंका के पथुम निसांका से कड़ी टक्कर मिल रही थी। प्लेइंग इलेवन में जगह पक्की न होने और फॉर्म के संकट को देखते हुए उन्होंने भारत आने के बजाय नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेलने का फैसला किया है।

## अल्कराज मियामी ओपन से बाहर, सेबेस्टियन कोर्डा ने हराया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

मियामी ओपन में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन कार्लोस अल्कराज टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में हारकर बाहर हो गए हैं। उन्हें अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा ने तीन सेटों के कड़े मुकाबले में 6-3, 5-7, 6-4 से मात दी। मैच 2 घंटे 19 मिनट चला।

कार्लोस अल्कराज, जिन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया, इस सीजन में अब तक 19 मैच खेल चुके हैं, जिनमें उन्होंने 17 जीत और 2 हार दर्ज की हैं। इंडियन वेल्स में भी उनका सफर सेमीफाइनल में समाप्त हुआ, जहां उन्हें डेनियल मेदवेदेव के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। यह लगातार दूसरा साल है जब अल्कराज को मियामी में शुरूआती दौर में ही बाहर होना पड़ा है। पिछले साल भी उन्हें दूसरे दौर में डेविड गोफिन ने हराकर चौंकाया था। हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए इस मैच में अल्कराज अपनी लय में नजर नहीं आए। मानसिक मजबूती के लिए पहचाने जाने वाले अल्कराज मैच के दौरान काफी हताश दिखे। पहले सेट में 3-6 से पिछड़ने और दूसरे सेट की शुरूआत में सर्विस टूटने के बाद उन्होंने अपने बॉक्स (कोचिंग टीम) की तरफ चिल्लाते हुए कहा,'अब मुझसे और बर्दाश्त नहीं होता। मैं घर जा रहा हूं... मैं अब और नहीं झेल सकता।' उनके इस व्यवहार ने फैंस को हैरान कर दिया, क्योंकि वे आमतौर पर मैदान पर शांत और मुस्कुराते हुए नजर आते हैं। दूसरे सेट में एक समय कोर्डा 5-4 से आगे थे और मैच के लिए सर्व कर रहे थे। यहाँ अल्कराज ने वापसी की कोशिश की और लगातार पांच गेम जीतकर स्कोर बराबर कर दिया।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### तनाव से कच्चे तेल में उछाल

## ब्रेंट क्रूड का भाव 112 डॉलर के पार, होर्मुज संकट से बाजार में चिंता




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ती बयानबाजी ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में चिंता बढ़ा दी है। इससे ब्रेंट क्रूड 0.60% गिरकर 112.90 डॉलर प्रति बैरल पर पर पहुंच गया है। आइए विस्तार से जानते हैं।

पश्चिम एशिया तनाव का असर कच्चे तेल की कीमतों पर देखने को मिल रहा है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.60 फीसदी की कमजोरी के साथ 112.90 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता देखा गया।

**पश्चिम एशिया तनाव ने बढ़ाई अनिश्चितता-** तेल बाजार में उतार-चढ़ाव तब और बढ़ गया जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को दो दिन के भीतर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा नहीं करने पर ईरान के पावर प्लांट्स पर संभावित हमले हो सकते हैं। इसके जवाब में ईरान ने चेताया कि अगर उसके ठिकानों पर हमला हुआ तो वह इस अहम समुद्री मार्ग को पूरी तरह बंद कर सकता है और ऊर्जा, आईटी तथा जल आपूर्ति ढांचे को निशाना बना सकता है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका पश्चिम एशिया में हजारों अतिरिक्त मरीन और नौसैनिक भेज रहा है। इससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है, जिसका असर वैश्विक वित्तीय बाजारों पर साफ दिखाई दे रहा है। वैश्विक तेल बाजार में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच अमेरिकी निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स ने 2026 के लिए कच्चे तेल की कीमतों का अनुमान तेजी से बढ़ा दिया है।

### भारतीय टैंकर पाइन गैस-जग वसंत ने होर्मुज किया पार

# 26-28 मार्च तक भारत पहुंचेगा 92,612.59MT गैस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया युद्ध के बीच भारतीय छढऋटैंकर जहाज पाइन गैस और जग वसंत ने होर्मुज जलडमरूमध्य पार किया है। कुछ जहाज पहले ही सुरक्षित भारत पहुंच चुके हैं, लेकिन अभी भी कई पोत फंसे हैं। आइए विस्तार से जानते हैं।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत के लिए राहत की खबर सामने आ रही है। शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, दो भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत ने होर्मुज को सुरक्षित पार कर लिया है। सोमवार दोपहर ये दोनों जहाज ईरान के लारक और केश्म द्वीपों के बीच देखे गए, जहां वे संभवतः ईरानी अधिकारियों को अपनी पहचान स्पष्ट कर रहे थे।

ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय जहाजों में शामिल थे, जो पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण लगभग बंद हो चुके होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए थे। यह जलमार्ग ईरान और ओमान के बीच स्थित है और खाड़ी देशों से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस आपूर्ति का प्रमुख रास्ता है।

**किस पोत पर कितना गैस और कब पहुंचेंगे भारत-** मंत्रालय के अनुसार, भारतीय ध्वज वाले दो एलपीजी वाहक पोत, जग वसंत और पाइन गैस, जिनमें 92,612.59 मीट्रिक टन एलपीजी भरी हुई थी, आज शाम होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरे। इन पोतों पर क्रमशः 33 और 27 भारतीय नाविक सवार थे। ये पोत भारत के लिए रवाना हुए हैं और इनके 26 से 28 मार्च 2026 के बीच बंदरगाहों पर पहुंचने की संभावना है।

**भारत के ये जहाज पहले सुरक्षित पहुंच चुके हैं-** इससे पहले भी भारत के कुछ जहाज सुरक्षित बाहर निकल चुके हैं। एलपीजी टैंकर एमटी शिवालिक 16 मार्च को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा, जबकि एमटी नंदा देवी 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पहुंची। दोनों जहाज करीब 92,712 टन एलपीजी लेकर आए थे, जो देश की लगभग एक दिन की घरेलू गैस खपत के बराबर है।

इसी क्रम में जग लाडकी नामक भारतीय तेल टैंकर, जो यूएई से 80,886 टन कच्चा तेल लेकर आ रहा था, 18 मार्च को मुंद्रा पहुंच गया। वहीं जग प्रकाश नामक टैंकर ओमान से पेट्रोल लेकर अफ्रीका के लिए सुरक्षित रूप से हॉर्मुज पार कर चुका है और तंजानिया की ओर बढ़ रहा है।

**भारत के लिए होर्मुज क्यों इतना अहम-** भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य बेहद अहम है। देश अपनी जरूरत का करीब 88 फीसदी कच्चा तेल, 50 फीसदी प्राकृतिक गैस और 60 फीसदी एलपीजी आयात करता है। युद्ध से पहले भारत के आधे से ज्यादा कच्चे तेल का आयात सऊदी अरब, इराक और यूएई जैसे खाड़ी देशों से होता था, जो इसी मार्ग पर निर्भर हैं।

हालांकि कच्चे तेल की आपूर्ति को रूस, अमेरिका, पश्चिम अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्त्रोतों से कुछ हद तक संतुलित किया गया है, लेकिन गैस और एलपीजी की सप्लाई प्रभावित हुई है। इसका असर औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं पर साफ दिख रहा है।



### भारत के कितने जहाज जलडमरूमध्य में फंसे हुए?

- युद्ध की शुरूआत में कुल 28 भारतीय जहाज इस क्षेत्र में मौजूद थे, जिनमें 24 जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से और चार पूर्वी हिस्से में थे। बीते दिनों दोनों ओर से दो-दो जहाज सुरक्षित निकल चुके हैं, लेकिन अभी भी 24 में से 22 जहाज पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए हैं, जिन पर 611 नाविक सवार हैं, जबकि दो जहाज पूर्वी हिस्से में हैं।
- फंसे हुए जहाजों में विविध प्रकार के पोत शामिल हैं छह एलपीजी टैंकर (जिनमें से दो अब रवाना हो चुके हैं), एक एलएनजी टैंकर, चार कच्चा तेल टैंकर, एक केमिकल टैंकर, तीन कंटेनर जहाज, दो बल्क कैरियर, एक ड्रेजर, एक खाली जहाज और तीन जहाज ड्राई डॉक में मरम्मत के लिए हैं।
- वैश्विक स्तर पर भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। करीब 500 टैंकर अभी भी पर्शियन (अरब) गल्फ में फंसे हुए हैं, जिनमें 108 कच्चे तेल के टैंकर, 166 ऑयल प्रोडक्ट टैंकर, 104 केमिकल/प्रोडक्ट टैंकर, 52 केमिकल टैंकर और 53 अन्य प्रकार के टैंकर शामिल हैं।
- विशेषज्ञों के अनुसार, ईरान कुछ जहाजों को सत्यापन प्रक्रिया के बाद ही हॉर्मुज से गुजरने की अनुमति दे रहा है। इसके तहत जहाजों की मालिकी, कार्गो और गंतव्य की जांच की जा रही है। कुछ जहाज लारक-केश्म चैनल के रास्ते हल्का मार्ग बदलकर भी निकल रहे हैं, जो इस सत्यापन प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है।

### भारतीय रिजर्व बैंक ने

## जनवरी में हाजिर बाजार से 2.52 अरब अमेरिकी डॉलर खरीदे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

लगातार सात महीने की डॉलर बिक्री के बाद आरबीआई ने जनवरी 2026 में 2.52 अरब अमेरिकी डॉलर की शुद्ध खरीदारी की है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने जनवरी 2026 में हाजिर मुद्रा बाजार से शुद्ध 2.526 अरब अमेरिकी डॉलर खरीदे हैं। केंद्रीय बैंक के सोमवार को जारी मासिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। यह खरीद सात महीने की लगातार डॉलर बिक्री के बाद हुई है।

आरबीआई ने पिछली बार मई 2025 में हाजिर मुद्रा बाजार से 1.764 अरब अमेरिकी डॉलर खरीदे थे। केंद्रीय बैंक ने लगातार सात महीने तक डॉलर की शुद्ध बिक्री की थी। बुलेटिन के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में शुद्ध 10.02 अरब अमेरिकी डॉलर बेचे गए थे। नवंबर 2025 में 9.710 अरब अमेरिकी डॉलर की बिक्री हुई। अक्तूबर 2025 में यह आंकड़ा 11.877 अरब अमेरिकी डॉलर था। सितंबर 2025 में 7.910 अरब अमेरिकी डॉलर बेचे गए थे। अगस्त 2025 में 7.695 अरब अमेरिकी डॉलर की बिक्री हुई। जुलाई 2025 में 2.540 अरब अमेरिकी डॉलर बेचे गए। जून 2025 में 3.661 अरब अमेरिकी डॉलर की बिक्री हुई थी। जनवरी 2026 में सकल आधार पर केंद्रीय बैंक ने 27.999 अरब अमेरिकी डॉलर खरीदे और 25.473 अरब अमेरिकी डॉलर बेचे थे।

**रुपये की चाल-** फरवरी 2026 के पहले सप्ताह में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ था। यह विदेशी पोर्टफोलियो निवेश प्रवाह और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा के कारण हुआ। इसके बाद रुपया मोटे तौर पर स्थिर बना रहा। मार्च 2026 में (20 मार्च तक) रुपये पर फिर से दबाव देखा गया।

### एलपीजी की बढ़ती कीमतों के कारण कई शहरों में एलपीजी सिलेंडर को लेकर मारामारी

# इंफ्रारेड चूल्हा, जानें कितने वॉट का लेना रहेगा सही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हाल के समय में एलपीजी की बढ़ती कीमतों के कारण कई शहरों में एलपीजी सिलेंडर को लेकर मारामारी मची हुई है। साथ ही, सिलेंडर की बुकिंग के लिए लोगों को दिन भर लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। इसी बीच इंडक्शन चूल्हे की मांग बढ़ती जा रही है, जिसका फायदा उठाते हुए कंपनियां इनकी कीमत बढ़ाने में लग गई हैं। बढ़ती डिमांड के कारण इंडक्शन चूल्हे तेजी से आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं। ऐसे में इंफ्रारेड चूल्हे बाजार में नए वकिल्प बनकर सामने आए हैं। खास बात यह है कि इंफ्रारेड चूल्हे मार्केट में आसानी से उपलब्ध हैं। वहीं, इनमें सारे बर्तन भी इस्तेमाल हो जाते हैं।

**क्या होता है इंफ्रारेड चूल्हा -** इंफ्रारेड कुकटॉप सुरक्षित और स्वच्छ खाना पकाने में काफी अच्छा है। यह चूल्हा सिरेमिक ग्लास का बना होता है, जिसके नीचे एक उच्च-शक्ति वाला इंफ्रारेड हीटिंग एलिमेंट होता है, जो एक कॉइल या हैलोजन लैंप होता है।



यह इंफ्रारेड विकिरण के रूप में ऊष्मा उत्सर्जित करता है। इस चूल्हे पर आप अपने किचन के एल्युमीनियम, स्टील, कॉपर और आयरन बर्तन इस्तेमाल कर सकते हैं, जो आप गैस पर करते हैं। इसके लिए आपको अलग से बर्तन नहीं खरीदने होते हैं।

**कैसे काम करता है इंफ्रारेड चूल्हा-** अक्सर लोग इंडक्शन और इन्फ्रारेड चूल्हे में कन्फ्यूज हो जाते हैं, लेकिन आपको बता दें कि इंडक्शन चूल्हा सीधे बर्तन के बेस यानी मेटल को गर्म करता है, जबकि इंफ्रारेड चूल्हा इंफ्रारेड लाइट का उपयोग करके गर्मी पैदा करता है, जो बर्तन की सतह पर पहुंचकर उसे गर्म करता है। इसमें हीट पूरे बर्तन में फैलती है, जिससे खाना एक समान पकता है। खास बात यह है कि इंफ्रारेड कुकटॉप से खाना जल्दी पकाया जा सकता है।

#### कम बिजली इस्तेमाल करेगा या ज्यादा

वैसे तो इंडक्शन और इंफ्रारेड कुकटॉप दोनों ही बिजली पर चलते हैं, लेकिन इंफ्रारेड चूल्हे इंडक्शन से मुकाबले अधिक बिजली खर्च करता है, क्योंकि ये चूल्हे रेडिएंट हीट इस्तेमाल करते हैं, जिसकी वजह से ये गर्म भी देर से होते हैं और इसे ठंडा होने में भी थोड़ा समय लगता है। यही कारण है कि यह ज्यादा बिजली की खपत करता है।

#### कितने वॉट का इंफ्रारेड चूल्हा लेना सही

घर के लिए सबसे अच्छा इंफ्रारेड चूल्हा आमतौर पर 2000 वॉट का माना जाता है, जो 3-4 लोगों के परिवार के लिए खाना जल्दी पका सकता है। अगर आप हल्का काम जैसे चाय, मैगी, कॉफी, दूध गरम करना चाहते हैं तो 1500-1800 वॉट का भी सही रहेगा, लेकिन तेज कुकिंग के लिए 2000 वॉट ही बेहतर रहेगा। ध्यान रखें कि 2000 वॉट का चूल्हा 1 घंटे में लगभग 2 यूनिट बिजली खर्च कर सकता है।

### वैश्विक बाजार में बड़ी राहत, कीमतें 15% तक फिसलीं

## ट्रंप के ईरान पर सैन्य कार्रवाई टालने के बाद टूटा कच्चा तेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मध्य पूर्व में तनाव कम होने और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान पर सैन्य कार्रवाई टालने के फैसले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में 15% तक की भारी गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड 96 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है।

पश्चिम एशिया में चल रहे गंभीर भू-राजनीतिक तनाव के बीच वैश्विक ऊर्जा बाजारों से एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और बुनियादी ढांचे पर प्रस्तावित सैन्य हमलों को टालने के आदेश के बाद, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई है। इस बड़े कूटनीतिक कदम से तेल बाजार में बिकवाली का दौर शुरू हो गया, जिससे कीमतें अपने हालिया उच्चतम स्तरों से काफी नीचे आ गई हैं।

**आंकड़ों में गिरावट: ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई क्रूड का हाल-** बाजार के ताजा आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका के इस फैसले के बाद तेल की कीमतों में 13 प्रतिशत से अधिक की कुल गिरावट देखी गई है। बाजार में इस डी-एस्केलेशन (तनाव में कमी) का सीधा असर दोनों प्रमुख तेल बेंचमार्क पर पड़ा है:

**ब्रेंट क्रूड:** 11:08 जीएमटी तक, वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा में लगभग 17 डॉलर यानी 15 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे यह 96 डॉलर प्रति बैरल के सत्र के निचले स्तर पर आ गया।

**डब्ल्यूटीआई क्रूड:** इसी तर्ज पर, अमेरिकी बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) में भी भारी बिकवाली देखी गई। यह 13 डॉलर या लगभग 13.5 प्रतिशत टूटकर 85.28 डॉलर प्रति बैरल के सत्र के निचले स्तर पर पहुंच गया। इस तेज गिरावट को समझने के लिए बाजार के हालिया रुझानों पर गौर करना जरूरी है। इससे पहले, मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष के कारण तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया था और यह 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई थीं। इस भारी उछाल का मुख्य कारण ईरान द्वारा व्यापारिक जहाजों पर किए गए हमले थे।

## झारखंड में पारा 24 घंटे में 7 डिग्री बढ़ा; हिमाचल में लगातार 5 दिन बारिश का अलर्ट

# मध्यप्रदेश में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, राजस्थान में बारिश होने की संभावना

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश में बारिश और तेज गर्मी दोनों का असर देखने को मिल रहा है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने से मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, यूपी में 27 मार्च के बाद से बारिश की संभावना बन रही है। साथ ही इन राज्यों में दिन का तापमान भी फिर से बढ़ने लगा है।

मध्य प्रदेश में साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम और ट्रफ की वजह से बादल भी छाए और गर्मी भी रही। दिन का तापमान 38ड्ड पहुंचा। 27-28 मार्च को आंधी-बारिश का अलर्ट है। वहीं, बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और सक्रिय साइक्लोनिक सकुर्लेशन के कारण झारखंड में तापमान बदला है। राज्य में 24 घंटे में 7 डिग्री बढ़ा है। सबसे ज्यादा तापमान सरायकेला में 35.9 डिग्री रहा। हिमाचल प्रदेश में अगले 5 दिन बारिश-बर्फबारी की संभावना है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में आंधी-तूफान को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम (चक्रवात) और ट्रफ की वजह से मध्य प्रदेश में मंगलवार को मौसम के दो रंग देखने को मिले। पूर्वी व पश्चिमी हिस्से में जहां बादल छाए रहे तो भोपाल, इंदौर-उज्जैन संभाग में तेज गर्मी रही। यहां पारा 38 डिग्री के पार पहुंच गया। ऐसा ही मौसम बुधवार को भी बना रहेगा।

मौसम विभाग ने 27 और 28 मार्च को प्रदेश में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि 26 मार्च को उत्तर-पश्चिम भारत में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। जिसका असर 2 दिन तक ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के जिलों में देखने को मिलेगा। 28 मार्च को एक और नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो सकता है। यह भी असर दिखाएगा।



### रीवा-सागर में बारिश, खंडवा-रतलाम में गर्मी

मौसम विभाग के अनुसार, बीती रात रीवा और सागर में हल्की बारिश दर्ज की गई। वहीं, मंगलवार को मालवा-निमाड़ काफी गर्म रहा। खंडवा में पारा 38.1 डिग्री और रतलाम में पारा 38 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। नर्मदापुरम में 37.8 डिग्री, खरगोन-रायसेन में 37.6 डिग्री, धार-मंडला में 36.5 डिग्री, नरसिंहपुर में 36 डिग्री रहा। बड़े 5 शहरों की बात करें तो उज्जैन में सबसे ज्यादा 35.8 डिग्री, भोपाल में 34.4 डिग्री, इंदौर में 35 डिग्री, ग्वालियर में 33.5 डिग्री और जबलपुर में 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### चार दिन से 45 जिलों में गिरा पानी, ओलावृष्टि भी हुई

बता दें कि पिछले 4 दिन से एक्टिव स्ट्रॉन्ग सिस्टम से कुल 45 जिलों में आंधी-बारिश का दौर रहा। इनमें से 17 जिलों में ओले भी गिरे। तेज आंधी की वजह से केला, पपीता और गेहूं की फसलों पर असर पड़ा। ऐसे में अब किसान मुआवजे की मांग उठा रहे हैं। धार, खरगोन समेत कई जिलों में ज्यादा असर रहा।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में 28 मार्च को 8 जिलों में आंधी-बारिश का दौर फिर से शुरू होने का अलर्ट जारी किया है। 25 से 27 मार्च तक प्रदेश में कुछ स्थानों पर बादल छाए रहने, जबकि अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। राजस्थान में चल रहा आंधी-बारिश का दौर मंगलवार को धीमा रहा। पश्चिमी जिलों में एक कमजोर वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से बादल छाए रहे। जैसलमेर, बाड़मेर सहित कुछ इलाकों में हल्की धूलभरी हवा चली।

### जयपुर में धूप खिली पारा 4 डिग्री चढ़ा

जयपुर में सुबह से आसमान साफ रहा और दिन में धूप रही। यहां दिन का अधिकतम तापमान 4 डिग्री चढ़कर 33 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। जयपुर में सुबह-शाम हल्की ठंडक रही, जबकि दिन में हल्की हवा चलने से भी मौसम सुहावना रहा। अधिकतर शहरों में दिन का तापमान सामान्य से नीचे रिकॉर्ड हुआ। कमजोर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर, सिरोही, श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर समेत कई जिलों धूप नहीं निकली। बादल छाए रहे।

## पंजाब-चंडीगढ़ में आज शाम से बदलेगा मौसम

पंजाब और चंडीगढ़ में आज (बुधवार) शाम से मौसम बदलने वाला है। राजस्थान और हरियाणा से जुड़े कुछ जिलों में बारिश हो सकती है। जबकि कल (गुरवार को) पूरा दिन आंधी और तेज हवाओं का यलो अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 0.4 डिग्री की वृद्धि हुई है। यह अब सामान्य के करीब पहुंच गया है। राज्य में सबसे अधिक तापमान 31.5 डिग्री गुरदासपुर में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, एक नया पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों की तरफ आ रहा है। यह आगे बढ़ रहा है। इस वजह से आज शाम को मौसम बदलेगा। इस दौरान कुछ स्थानों पठानकोट, फाजिल्का, मुक्तसर, फिरोजपुर, फरीदकोट, मोगा, बठिंडा, मानसा में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। राज्य में सभी जिलों का अधिकतम तापमान 25 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है और ज्यादातर जगहों पर तापमान 27 डिग्री से 31 डिग्री के बीच बना हुआ है, जिसमें सबसे ज्यादा तापमान 31.5 डिग्री गुरदासपुर में रिकॉर्ड किया गया। चंडीगढ़ में 29.4 डिग्री, अमृतसर 28.1 डिग्री, लुधियाना 29.6 डिग्री, पटियाला 30.2 डिग्री, फरीदकोट 30.0 डिग्री, एसबीएस नगर 27.2 डिग्री, फाजिल्का (अबोहर) 30.6 डिग्री, फिरोजपुर 30.7 डिग्री, होशियारपुर 27.7 और 27.2 डिग्री, मोहाली 29.3 डिग्री, पठानकोट 27.9 और 27.2 डिग्री, रोपड़ 28.4 डिग्री और रूपनगर में 30.2 डिग्री (भाखड़ा बांध) व 29.4 डिग्री (श्री आनंदपुर साहिब) दर्ज किया गया, जिससे साफ है कि पूरे राज्य में गर्मी का असर बना हुआ है। अभी मौसम में बदलाव का दौर चल रहा है। जो पश्चिमी विक्षोभ जम्मू के आसपास सक्रिय था, वह अब कमजोर पड़कर आगे निकल गया है, इसलिए फिलहाल उसका असर कम हो गया है।

## भाजपा बोली- ओवैसी बंगाल में घुसने की कोशिश कर रहे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भाजपा नेता दिलीप घोष ने बुधवार को कहा कि ओवैसी की पार्टी पश्चिम बंगाल में कुछ नहीं कर पाएगी। पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार के लिए अक्ब्क्ट चीफ असदुद्दीन ओवैसी के कोलकाता पहुंचने पर इखढ नेता दिलीप घोष ने कहा, ओवैसी लंबे समय से बंगाल में घुसने की कोशिश कर रहे हैं।

कई पार्टियां दूसरी जगहों पर सफल हुई हैं, लेकिन बंगाल में लोग किसी को जल्दी स्वीकार नहीं करते। उन्हें काम करना होगा, लड़ना होगा, फिर बंगाल उन्हें स्वीकार करेगा। दरअसल, ओवैसी की पार्टी ने बंगाल में पूर्व टीएमसी नेता हुमांयू कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी से गठबंधन किया है।

उधर तमिलनाडु में तिरुचिरापल्ली के थिरुप्पराईथुराई में 50 से ज्यादा परिवारों ने इस बार विधानसभा चुनावों के बॉयकॉट का ऐलान किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 16 साल से वे बिना बिजली, पानी और टॉयलेट के रह रहे हैं।

## तमिलनाडु चुनाव- तिरुचिरापल्ली में 50 से ज्यादा परिवार चुनाव का बॉयकाट करेंगे

तमिलनाडु में तिरुचिरापल्ली के थिरुप्पराईथुराई में 50 से ज्यादा परिवारों ने इस बार विधानसभा चुनावों के बॉयकॉट का ऐलान किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 16 साल से वे बिना बिजली, पानी और टॉयलेट के रह रहे हैं। स्थानीय थंगराज कहते हैं, 4 मुख्यमंत्री आए और गए। किसी ने भी इंसानी गुजारे के लिए बेसिक जरूरतें, जैसे बिजली या खेती के लिए मदद नहीं दी। तमिलनाडु सरकार को कई अर्जी देने के बावजूद, कोई एक्शन नहीं लिया गया। इसलिए यहां के लोगों ने आने वाले इलेक्शन का बॉयकॉट करने का फैसला किया है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए पॉलिटिकल पार्टी के लिए छए्ऊ लाइट वाले सिंबल बनाए गए हैं। इनका इस्तेमाल रात में कैंपेनिंग के दौरान किया जाएगा। पुदुक्कोइई के इनोवेटर सुधाकर और उनकी टीम ने ये सिंबल बनाए हैं।

## शाम 7 बजे के बाद इंटरनेट बंद; 9-12वीं के छात्रों के लिए ड्राफ्ट जारी


# कर्नाटक में पॉलिसी- बच्चों का स्क्रीन टाइम 1 घंटा रहे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

कर्नाटक सरकार ने 9वीं से 12वीं के छात्रों के डिजिटल इस्तेमाल को लेकर मंगलवार को ड्राफ्ट पॉलिसी जारी की है। इसमें सिफारिश की गई है कि पढ़ाई के अलावा मनोरंजन के लिए स्क्रीन टाइम रोजाना 1 घंटे तय किया जाए। शाम 7 बजे के बाद इंटरनेट बंद करने की भी सिफारिश की गई है।

ड्राफ्ट में कहा गया है कि छात्रों को सोने से एक घंटे पहले स्क्रीन से दूर रखा जाए। मोबाइल के लिए हाइब्रिड प्लानह्म का सुझाव दिया गया है, जिसमें ऑडियो-ओनली विकल्प और तय समय के बाद इंटरनेट बंद करने की व्यवस्था होगी। उम्र के हिसाब से डिवाइस और ऑपरेटिंग सिस्टम डेवलप करने की भी बात कही गई है।

सरकार के मुताबिक, करीब 25% किशोरों में इंटरनेट की लत है, जिससे नींद की कमी, चिंता और ध्यान भटकने जैसी समस्याएं हो रही हैं। इसी को देखते हुए यह पॉलिसी लाई गई है। स्कूलों में बदलाव होंगे- डिजिटल वेल-बीइंग और ऑनलाइन सुरक्षा पढ़ाई का हिस्सा बनेंगी। साइबर बुलिंग, प्राइवेसी और जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार पढ़ाया जाएगा। हर स्कूल डिजिटल उपयोग नीति लागू करेगा।



डिजिटल डिटॉक्स डे और टेक-फ्री पीरियड होंगे। छात्रों से संपर्क के लिए वॉट्सऐप की जगह डायरी अपनाई जाएगी।

मेंटल हेल्थ पर फोकस होगा- स्कूलों में काउंसलिंग मजबूत होगी, शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि वे डिजिटल लत के संकेत पहचान सकें और जरूरत पड़ने पर बच्चों को विशेषज्ञों तक पहुंचाया जा सके।

शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका तय होगी- शिक्षक बच्चों के डिजिटल व्यवहार पर नजर रखेंगे और मार्गदर्शन देंगे। अभिभावक घर में स्क्रीन टाइम तय करेंगे, नो-फोन जोन बनाएंगे और खुद उदाहरण पेश करेंगे। स्कूल अक के उपयोग पर नियम तय करेंगे, होमवर्क में इसके इस्तेमाल को नियंत्रित करेंगे और नकल रोकने के लिए सिस्टम विकसित करेंगे।

### कई संस्थानों के साथ मिलकर तैयार ड्राफ्ट

यह पॉलिसी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने कर्नाटक स्टेट मेंटल हेल्थ अथॉरिटी, निमहांस और शिक्षा विभाग ने मिलकर तैयार किया है। यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के 6 मार्च को जारी बजट में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर सख्ती के ऐलान से अलग है।

### 6 मार्च को कर्नाटक सरकार ने बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर बैन लगाया था

कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने का ऐलान किया था। कर्नाटक ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।

सीएम सिद्धारमैया ने बजट भाषण के दौरान कहा कि बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उन पर गलत असर पड़ रहा है। 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का प्रस्ताव डेटा सुरक्षा कानून डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 (उढढढ) और पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स 2025 से भी जुड़ा है। इसके तहत बच्चों को अकाउंट बनाने से पहले माता-पिता की अनुमति और उम्र का वैरिफिकेशन जरूरी होगा।

## अजित पवार प्लेन क्रैश मामले में बेंगलुरु में एफआईआर : भतीजे रोहित ने आरोप लगाए

ब्रह्मास्त्र ›› बेंगलुरु

महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में डिप्टी सीएम अजित पवार की मौत के मामले में बेंगलुरु में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर उनके भतीजे और एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार की शिकायत पर दर्ज हुई है। उन्होंने हादसे को आपराधिक साजिश बताया है। उन्होंने एफआईआर में 5 मुख्य आरोप लगाए हैं। रोहित ने कहा कि उन्होंने मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन, बारामती पुलिस और महाराष्ट्र से संपर्क किया, लेकिन कहीं भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने 23 मार्च को बेंगलुरु में जीरो पर एफआईआर दर्ज कराई। जहां अपराध हुआ है उसे छोड़कर देश के किसी भी थाने में उस अपराध की एफआईआर दर्ज कराई जाती है तब उसे जीरो एफआईआर कहते हैं। इसे फिर संबंधित थाने में ट्रांसफर कर दिया जाता है। कर्नाटक पुलिस ने केस दर्ज कर इसे महाराष्ट्र पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है। दरअसल, 28 जनवरी को बारामती एयरपोर्ट पर प्लेन क्रैश में अजित पवार समेत 5 लोगों की मौत हुई थी। आधिकारिक लॉग में विमान का रन टाइम 4,915 उड़ान घंटे दर्ज हैं, जबकि दावा है कि विमान ने 8,000 घंटे से ज्यादा उड़ान भरी है। कम विजिबिलिटी के बावजूद विजुअल फ्लाइट रूल्स के तहत विमान को लैंडिंग की अनुमति दी गई। आखिरी समय पर क्रू बदला गया और पायलट सुमित कपूर को शामिल किया गया। हादसे से कुछ समय पहले श्फ वेंचर्स ने पायलट सुमित कपूर के नाम पर लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी ली थी।

### ये सिर्फ ट्रम्प कर सकते हैं

# एक्सपर्ट बोले- ट्रम्प के चारों ओर जाल कस रहा इजराइली सैन्य कार्रवाई को कंट्रोल करना जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 26वां दिन है। अमेरिका के डिफेंस एक्सपर्ट और व्हाइट हाउस के पूर्व सलाहकार रॉबर्ट पेप ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के चारों ओर जाल कसता जा रहा है। ट्रम्प ऐसे हालात में फंस सकते हैं, जहां युद्ध धीरे-धीरे और बड़ा होता चला जाता है।

रॉबर्ट पेप ने भारतीय मीडिया से बात करते हुए कहा कि शुरुआत में छोटे-छोटे हमले किए जाते हैं, लेकिन जब उनसे बड़ा टागरेट हासिल नहीं होता, तो हमले और बढ़ा दिए जाते हैं। इसी को 'एस्केलेशन ट्रैप' कहा जाता है, यानी ऐसा जाल जिसमें फंसकर युद्ध लगातार बढ़ता जाता है।


उन्होंने चेतावनी दी कि अगर युद्ध बढ़ा तो होर्मुज स्ट्रेट पर और गंभीर असर पड़ेगा, जहां से ऑयल सप्लाई का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इससे दुनिया की अर्थव्यवस्था मुश्किल में पड़ सकती है।

पेप के मुताबिक, इस स्थिति में ईरान मजबूत हो सकता है और तेल पर ज्यादा कंट्रोल हासिल कर सकता है। हालात संभालने के लिए इजराइल की सैन्य कार्रवाई को कंट्रोल करना जरूरी है और यह फैसला ट्रम्प ही ले सकते हैं।

अमेरिका के डिफेंस एक्सपर्ट और व्हाइट हाउस के पूर्व सलाहकार रॉबर्ट पेप ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के चारों ओर जाल कसता जा रहा है। ट्रम्प ईरान के साथ बढ़ते तनाव में ऐसे हालात में फंस सकते हैं, जहां युद्ध धीरे-धीरे और बड़ा होता चला जाता है। रॉबर्ट पेप ने भारतीय मीडिया से बात करते हुए कहा कि शुरुआत में छोटे-छोटे हमले किए जाते हैं, लेकिन जब उनसे बड़ा टागरेट हासिल नहीं होता, तो हमले और बढ़ा दिए जाते हैं। इसी को 'एस्केलेशन ट्रैप' कहा जाता है, यानी ऐसा जाल जिसमें फंसकर युद्ध लगातार बढ़ता जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर युद्ध बढ़ा, होर्मुज स्ट्रेट पर असर पड़ सकता है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल गुजरता है। इससे तेल महंगा हो सकता है और दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ सकता है। पेप के मुताबिक, इस स्थिति में ईरान मजबूत हो सकता है और तेल पर ज्यादा कंट्रोल हासिल कर सकता है। हालात संभालने के लिए इजराइल की सैन्य कार्रवाई को कंट्रोल करना जरूरी है और यह फैसला ट्रम्प ही ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका के मरीन सैनिक ईरान पहुंच जाते हैं, तो हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं। अभी ट्रम्प ने हमले कुछ दिनों के लिए कम किए हैं, लेकिन यह सिर्फ समय लेने का तरीका हो सकता है। पेप ने यह भी कहा कि जब तक अमेरिका अपने सैनिकों को वापस नहीं बुलाता, तब तक यह नहीं कहा जा सकता कि तनाव कम हो रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को दावा किया है कि अमेरिका ने युद्ध जीत लिया है। व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाने पर सहमत हो गया है और अब समझौता करने के लिए तैयार है। अमेरिकी विमान तेहरान के ऊपर घूम रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि लगातार हमलों के बाद ईरान पूरी तरह कमजोर हो चुका है और उसके पास डील करने के अलावा ज्यादा विकल्प नहीं बचे हैं। दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है और इसमें अमेरिका के टॉप अधिकारी भी शामिल हैं। ट्रम्प ने कहा कि ईरान अब बातचीत में समझदारी दिखा रहा है और जल्द समझौता हो सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि अगर बातचीत नाकाम रहती है, तो अमेरिका ईरान के ऊर्जा ढांचे खासकर पावर प्लांट्स पर दोबारा हमला कर सकता है।

कुवैत की सेना ने कहा है कि वह मिसाइल और ड्रोन से हो रहे हमलों का जवाब दे रही है। सेना ने लोगों से अपील की है कि वे सुरक्षा से जुड़े सभी निर्देशों का पालन करें। सेना के मुताबिक, अगर कहीं धमाके की आवाज सुनाई दे रही है, तो वह दुश्मन के हमलों को हवा में ही नष्ट (इंटरसेप्ट) करने की वजह से है। इससे पहले कुवैत के नेशनल गार्ड ने बताया कि उसने अपने इलाके में 5 ड्रोन मार गिराए हैं। वहीं, एक ड्रोन हमले के कारण कुवैत के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक फ्यूल टैंक में आग भी लग गई।



# किम जोंग बोले- परमाणु हथियार रखने का फैसला सही था:ईरान पर हमले ने हमें सच साबित किया



नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने देश के पास परमाणु हथियार होने को लेकर खुशी जताई है। सरकारी मीडिया के मुताबिक उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमले साबित करते हैं, कि उनके देश का परमाणु हथियार रखने का फैसला सही था। किम ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध दिखाता है कि आज की दुनिया में सिर्फ मजबूत सैन्य ताकत ही किसी देश को सुरक्षित रख सकती है। उन्होंने यह बयान सोमवार को संसद में लंबे भाषण के दौरान दिया। अपने भाषण में किम ने दक्षिण कोरिया के प्रति सख्त रुख दोहराया और कहा कि वह अपने देश की परमाणु ताकत को और मजबूत करेंगे, ताकि अमेरिका को रोका जा सके।

### किम जोंग बोले- और ज्यादा परमाणु हथियार बनाएंगे

किम जोंग उन का यह भाषण मंगलवार को लिखित रूप में जारी हुआ है। इसमें उन्होंने कहा कि 2019 में ट्रम्प के साथ बातचीत टूटने के बाद परमाणु हथियार बढ़ाने का फैसला उनका सबसे सही कदम था। किम ने कहा कि नॉर्थ कोरिया अब अमेरिका के खिलाफ एकजुट मोर्चे में और ज्यादा सक्रिय भूमिका निभाएगा। हालांकि उन्होंने ट्रम्प का नाम सीधे नहीं लिया, लेकिन यह जरूर कहा कि उनके विरोधी टकराव चाहते हैं या शांति, यह उन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि नॉर्थ कोरिया हर स्थिति के लिए तैयार है। किम ने देश को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाने, ज्यादा परमाणु हथियार और उन्हें ले जाने वाली मिसाइलें बनाने पर जोर दिया। किम ने यह भी कहा कि परमाणु हथियारों की वजह से नॉर्थ कोरिया अब ज्यादा सुरक्षित है और इसी वजह से वह अपने संसाधनों का इस्तेमाल आर्थिक विकास के लिए भी कर पा रहा है। अमेरिका दुनियाभर में जो आक्रामक कदम उठा रहा है, उससे साफ होता है कि उनका परमाणु हथियार बढ़ाने का फैसला गलत नहीं है। आज की स्थिति साफ दिखाती है कि दुश्मनों की बातों में न आकर परमाणु हथियार सुरक्षित रखने का फैसला भी सही था।

# न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर प्लेन-ट्रक की टक्कर, दोनों पायलट की मौत

अमेरिका के न्यूयॉर्क में ला गार्डिया एयरपोर्ट पर रविवार रात (स्थानीय समयानुसार) एयर कनाडा एक्सप्रेस का एक विमान लैंडिंग के समय रनवे पर फायर ट्रक से टकरा गया। इससे विमान का अगला हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो गया।

हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई, जबकि ट्रक में सवार दो लोग घायल हुए हैं। जैज एविएशन के मुताबिक, यह फ्लाइट मॉन्ट्रियल से आ रही थी। उक्त-900 विमान में कुल 72 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे।

टक्कर के तुरंत बाद रनवे 4 को बंद कर दिया गया। एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लागू करते हुए सभी फ्लाइट ऑपरेशन रोक दिए गए और आने वाली उड़ानों को डायवर्ट किया गया।




# ईरान न्यूक्लियर हथियार नहीं रखने पर सहमत हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि ईरान ने न्यूक्लियर हथियार नहीं रखने पर सहमति जताई है। व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है और ईरान समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारी पहली शर्त यही है कि ईरान न्यूक्लियर हथियार नहीं बनाएगा, जिस पर सहमति बन गई है ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने युद्ध जीत लिया है। उन्होंने कहा कि ईरान की नेवी, एयरफोर्स और रडार सिस्टम काम नहीं कर रहे हैं। अमेरिकी विमान तेहरान के ऊपर उड़ रहे हैं। अगर बातचीत फेल हुई तो अमेरिका जो चाहे कर सकता है।

हालांकि, ईरान ने अभी तक अमेरिका के साथ किसी भी तरह की सीधी बातचीत से इनकार किया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत के बाद 15 मुद्दों पर सहमति बनी है। इन मुद्दों की पूरी लिस्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने ईरान के पावर प्लांट पर हमले 5 दिन के लिए टाल दिए, जबकि इससे पहले होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे की चेतावनी दी थी।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान और वॉशिंगटन के बीच कोई बातचीत नहीं हो रही है। वहीं, पाकिस्तान, मिस्र और तुर्किये के साथ मिलकर ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने रविवार को अमेरिका

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, बड़नगर जिला-उज्जैन म०प्र०**

ई-मेल:-cmobadnagar@mpurban.gov.in फोन नंबर: 07367-225060

क्रमांक /2026 दिनांक:-24/03/2026

**द्वितीय विज्ञप्ति-प्रकाशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि नगर पालिका परिषद बड़नगर द्वारा नगर के प्रमुख दो चौराहो गांधी चौक एवं डाबरी चौक पर प्रचार-प्रसार एवं विज्ञापन प्रसारण हेतु एल.ई.डी. लगाई गई है, जिसको किराये पर संचालन हेतु दिनांक 01.05.2026 से दिनांक 31.03.2027 तक कुल 11 माह हेतु दी जाना है। इच्छुक केवल ऑपरेटरों/ठेकेदार/व्यवसायिक आदी सील बंद लिफाफे में अपने भावपत्र दिनांक 01.04.2026 सायं 5.00 बजे तक निकाय में प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र. | स्थल का नाम | एल.ई.डी. की साईज | टेंण्डर फार्म | अमानत राशि | न्युनतम सालाना किराया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | महात्मा गांधी मार्ग (गांधी चौक) बड़नगर | 8'X5' | 1000/- | 10000/- | 100000/- |
| 02 | महात्मा गांधी मार्ग (डाबरी चौक) बड़नगर | 8'X5' | 1000/- | 10000/- | 100000/- |

1. इच्छुक व्यक्ति निविदा दाता निविदा सुचना की विस्तृत जानकारी व शर्ते नगरपालिका परिषद बड़नगर की राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर देख सकते है।
2. एल.ई.डी. की निविदा पृथक-पृथक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।


अभय टोंग्या
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् बड़नगर

अनिता सतीश वर्मा
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् बड़नगर

नेहा शांतिलाल गोखरू
राजस्व सभापति नगर पालिका
परिषद् बड़नगर

मंशाराम निंगवाल
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बड़नगर

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

### बाएं से दाएं
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ध | र | अ | ■ | गु | रु | कि |
| घ | ब | ■ | म | हि | मा | ■ | ■ | ना |
| र | च | र | ■ | न | व | औ | [illegible] | [illegible] |
| ■ | क | म | ला | ■ | ब | ■ | ■ | [illegible] |
| म | ■ | ल | त | ■ | ला | त | ■ | ल |
| मौ | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| कट | ग | घ | र | [illegible] | ■ | ह | र | [illegible] |
| म | ■ | ■ | ना | [illegible] | [illegible] | ■ | क | [illegible] |
| ना | ट | क | ■ | म | ह | क | ना | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | श्रे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | ब | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | ब | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | प | अ | सौ | बी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

मोन्टू : तुम्हारी आँख क्यों सूजी हुई है ?
बन्टू : कल मैं अपनी पत्नी के जन्मदिन पर केक लेकर गया था
मोन्टू : लेकिन इसका आँख सूजने से क्या संबंध है?
बन्टू : मेरी पत्नी का नाम तपस्या है लेकिन केक वाले बेवकूफ दुकानदार ने लिख दिया हैप्पी बर्थडे समस्या...

00000

दुकानदार : मैंने आपको दुकान की एक-एक चप्पल दिखा दी, अब तो एक भी बाकी नहीं है।
महिला : वो सामने वाले डिब्बे में क्या है?
दुकानदार : बहन, रहम कर थोड़ा, उसमें मेरा लंच है...

00000

साइकिल वाले ने एक आदमी को टक्कर मार दी और बोला भाईसाहब आप बहुत किस्मत वाले हो
आदमी : एक तो तूने मुझे टक्कर मारी और ऊपर से मुझे किस्मत वाला कह रहे हो ?
साइकिल वाला : आज छुट्टी है तो साइकिल चला रहा हूँ नहीं तो मैं ट्रक चलाता हूँ

00000

दो पड़ोसन आपस में बात कर रही थी
पहली पड़ोसन: तुम्हे पता है 24 साल तक मेरे कोई औलाद नहीं हुई
दूसरी पड़ोसन : तो फिर तूने क्या किया
पहली पड़ोसन : जब मैं 24 साल की हुई तब घरवालों ने जाके मेरी शादी करवाई फिर कहीं जाकर मुन्ना हुआ...
दूसरी पड़ोसन आईसीयू में भर्ती है

00000


## रंग भरकर चित्र बनाओ



# टिकट-वीजा कराया, बॉर्डर भी पहुंचे, भारत नहीं लौट सके

# ईरान-अजरबैजान बॉर्डर पर फंसे स्टूडेंट्स, बोले- 20 दिन से भटक रहे

**जंग के बीच गुजरता हर दिन पहले से ज्यादा भारी है। न चैन से सो पा रहे हैं, न जी पा रहे हैं। हमें तो रोज के खाने के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। हमारी मेंटल हेल्थ दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। अब बिल्कुल लाचार महसूस कर रहे हैं। ये भी नहीं जानते कि आगे क्या होने-वाला है। ईरान में मेडिकल की पढ़ाई कर रहीं कश्मीर की फलक घर नहीं लौट पा रहीं। वो तेहरान से तो सुरक्षित निकल गईं, लेकिन ईरान और**




**अजरबैजान बॉर्डर पर अस्तारा चौकी के पास फंसी हुई हैं। बॉर्डर पर वो अकेली नहीं हैं। उनके साथ ही 180 भारतीय स्टूडेंट्स फंसे हुए हैं। इनकी शिकायत है कि एंबेसी ने टिकट और वीजा कराने को कहा था, जिसके बाद कोम शहर से इवैक्युएशन शुरू हुआ लेकिन अजरबैजान के बॉर्डर पर आकर फंस गए। न कंट्री कोड मिला और न घर लौट सके। बुक कराए फ्लाइट टिकिट भी बर्बाद हो गए, लेकिन एंबेसी से कोई जवाब नहीं मिला।**

## ईरान में फंसे भारतीय स्टूडेंट्स



फाइल फोटो




**पेरेंट्स परेशान, बोले- बस बच्चे सुरक्षित लौट आएं-** श्रीनगर की रहने वाली शाहीन अख्तर का बेटा ईरान से मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। वे कहती हैं, जंग में बेटा भी फंसा है। बाकी पेरेंट्स की तरह हम भी उसकी सलामती को लेकर परेशान हैं। ईरान से कई स्टूडेंट्स को आर्मेनिया के रास्ते पहले ही निकाला जा चुका है, लेकिन अब भी बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स क्लीयरेंस न मिलने के कारण अजरबैजान बॉर्डर पर फंसे हैं। इनमें मेरा बेटा भी है। हम लगातार ऑफिशियल चैनल के जरिए अथॉरिटीज के संपर्क में थे। मीटिंग्स भी हुईं। हमसे बच्चों के लिए टिकट और वीजा करने के लिए कहा गया। भरोसा दिलाया गया कि उन्हें सुरक्षित रास्तों से बॉर्डर तक पहुंचाया जाएगा और फिर भारत इवैक्युएट कर लिया जाएगा।

## 1 से 1.5 लाख की टिकट खरीदी, लेकिन घर नहीं लौट सके

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच चल रही जंग में अब तक 2565 लोगों की मौत हो चुकी है। अभी जंग थमने के आसार नहीं दिख रहे हैं। वहीं ईरान में करीब 1200 भारतीय स्टूडेंट फंसे हैं, जिनमें 900 जम्मू-कश्मीर के हैं।

श्रीनगर की रहने वाली फलक तेहरान यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई कर रही हैं। वे बताती हैं, भारत सरकार अब तक हमें इवैक्युएट नहीं कर सकी है। हमसे यही कहा जा रहा है कि खुद के खर्च पर लौटना होगा। इससे पहले जब तेहरान से रेस्क्यू कर हमें कोम शहर लाया गया था, तब हम वहां भी 10 दिन फंसे रहे। एंबेसी से कोई जवाब नहीं मिल रहा था।

फिर बताया गया कि हमें अजरबैजान के रास्ते भारत भेजा जा सकता है लेकिन पूरा खर्च हमें खुद उठाना होगा। हम भी अब और रिस्क नहीं लेना चाहते थे इसलिए हामी भर दी। हमसे कहा गया था कि नंबर और कंफर्म टिकट देने के बाद ही हमें कोम शहर से आगे भेजा जाएगा। हमने 1 से 1.5 लाख रुपए खर्च कर टिकट कराया, बाकी इंतजाम भी कर लिए। सारे डॉक्यूमेंट्स जमा करने के बाद हमें ईरान-अजरबैजान बॉर्डर पर अस्तारा पोस्ट के पास लाया गया, लेकिन भारत लौटने के लिए क्लीयरेंस नहीं मिला। हम करीब 180 स्टूडेंट्स यहीं फंसे हुए हैं।' हमें भरोसा दिलाया गया था कि हर दिन 50 स्टूडेंट्स को बॉर्डर क्रॉस करने की परमिशन दी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब हमें टिकट कैंसिल कराने और नुकसान उठाने को कहा जा रहा है। हमें एंबेसी से भी कोई मदद नहीं मिल रही है।






## 20 दिन से एक से दूसरे शहर में घूम रहे, अब बॉर्डर पर फंसे

फलक आगे कहती हैं, हम पिछले 20 दिनों से यहां फंसे हुए हैं। अब तो चैन से नींद भी नहीं आ रही है। खाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। हमारी मानसिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। हमें बताया गया है कि हमारे लिए होटल में ठहरने का इंतजाम है, लेकिन यहां कुछ नहीं मिला। खाने-पीने और बाकी जरूरतों के इंतजाम खुद करने पड़ रहे हैं। बस एक काम जो हम नहीं कर सकते, वो ईरान से बाहर निकलने का है। हमें अजरबैजान से बॉर्डर क्रॉस करने का क्लीयरेंस नहीं मिल रहा है। हम दूर-दराज वाले ऐसे इलाके में फंसे हैं, जहां नेटवर्क लगभग ना के बराबर है। फैमिली से भी बात नहीं हो पा रही है। कई स्टूडेंट्स के पास पैसे खत्म हो रहे हैं, कार्ड काम नहीं कर रहे और बैंकिंग सिस्टम साथ नहीं दे रहा है। हम इतना लाचार महसूस कर रहे हैं कि समझ नहीं पा रहे, आगे क्या करें। ईरान में हालात अभी अस्थिर हैं। हमें बार-बार एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है।

## स्टूडेंट बोले- ये जंग पहले से ज्यादा भयानक

ईरान में फंसे श्रीनगर के एक स्टूडेंट ने पहचान जाहिर न करने की शर्त पर हमसे बात की। वो कहते हैं, अभी ईरान में फंसा हूं। पिछले एक साल में ये तीसरी बार है, जब हमें जंग के कारण देश लौटने के लिए कहा जा रहा है। पहली बार तब कहा गया, जब करीब 10-12 दिनों तक जंग के हालात रहे थे। तब भी हम डरे हुए थे, लेकिन अब के हालात पहले से कहीं ज्यादा भयानक हैं। पहले ये सिर्फ दो देशों की लड़ाई थी, लेकिन अब इसमें कई देश शामिल हो गए हैं। अबकी बार हालात कंट्रोल से बाहर लग रहे हैं।



हमें लगातार हवाई हमलों, ड्रोन और ब्लास्ट की आवाजें सुनाई देती हैं। कई बार धमाके बहुत करीब से महसूस होते हैं। रात काटनी मुश्किल हो जाती है, हम सो नहीं पाते और हर वक्त खौफ में जीते हैं। हमें रीलोकेट कर दिया गया है। तेहरान के हाई रिस्क इलाकों से निकालकर सेफ जगहों पर लाया गया है, लेकिन खतरा कम नहीं हुआ है।

हमारे साथ कई स्टूडेंट्स को इवैक्युएशन के लिए आर्मेनिया और अजरबैजान जैसे बॉर्डर इलाकों में शिफ्ट किया गया है। कुछ आर्मेनिया के रास्ते भारत लौटने में कामयाब रहे, लेकिन हम सब कई दिनों से अजरबैजान में फंसे हुए हैं। हमने महंगे टिकट बुक करा लिए, सभी डॉक्यूमेंट्स जमा कर दिए और हर गाइडलाइन फॉलो की, लेकिन फिर भी कोई क्लियर जवाब नहीं मिला।

हमारे पैसे खत्म हो रहे हैं। कुछ स्टूडेंट्स बीमार पड़ रहे हैं। टेंशन बहुत बढ़ चुकी है। हमारे साथ-साथ घर वाले भी परेशान हैं। बार-बार इवैक्युएशन के स्थिति ने पढ़ाई-लिखाई चौपट कर दी है। MBBS का कोर्स, जो 5-6 साल में पूरा हो जाना चाहिए। अब वो 7 साल या उससे ज्यादा भी खिंच सकता है। क्योंकि जंग की वजह से एग्जाम टलेंगे, इसका असर करियर पर पड़ेगा।

स्टूडेंट्स से कुछ ग्रुप्स निकाले गए, कई अब भी फंसे

शाहीन आगे बताती हैं, जिन स्टूडेंट्स के निकलने के लिए 18, 19 और 21 तारीख तय की गई थी, वो अब भी ईरान-अजरबैजान के बॉर्डर पर फंसे हैं। उनके पास वैलिड टिकट भी है, लेकिन मौजूदा पाबंदियों के कारण उन्हें बॉर्डर क्रॉस करने की परमिशन नहीं मिल रही है।

कुछ स्टूडेंट 15-16 दिनों से इंतजार कर रहे हैं। बॉर्डर बंद होने की वजह से उनमें कुछ के टिकट पहले ही कैंसिल हो चुके हैं। स्टूडेंट्स और उनके परिवार दोनों परेशान हैं। मेरी भारत सरकार, खासकर विदेश मंत्रालय से अपील है कि ये मुद्दा तुरंत अजरबैजान सरकार के सामने उठाया जाए ताकि बॉर्डर क्लीयरेंस मिल सके और बच्चे घर लौट सकें।

### हम मिडिल क्लास परिवार, हमारे पैसे बर्बाद-बच्चे भी नहीं लौटे

इसके बाद हमने श्रीनगर में रहने वाले मोहम्मद अनवर से बात की। उनकी बेटी भी अजरबैजान में फंसी है। वे कहते हैं, हम सब मिडिल क्लास परिवारों से हैं, कोई भी हाईफाई फैमिली से नहीं है। हमने पहले जो टिकट बुक की, वो एग्जिट कोड न मिलने से बेकार हो गई। इसके बाद दोबारा टिकट बुक करनी पड़ी। इस बार कीमत लगभग तीन गुना ज्यादा थी। टिकट और वीजा का इंतजाम करना हमारी जिम्मेदारी थी, हमने पूरी की। अब एग्जिट कोड जारी करना हमारे हाथ में नहीं है, ये तो अधिकारियों की जिम्मेदारी है। अब हमारे बच्चे भाग-भागकर सिर्फ शारीरिक रूप से ही नहीं, मानसिक रूप से भी बहुत परेशान हो चुके हैं। घबराहट और तनाव में बीमार भी पड़ रहे हैं। सरकार से यही गुजारिश है कि इस मुश्किल वक्त में दखल देकर हमारी मदद करें।

■ वर्ष-12 अंक-140 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

**ईर्ष्यी घृणि न संतुष्टः क्रोधिनो नित्यशङ्कितः।**
**परभाग्योपजीवी च षडेते नित्य दुःखिता।।**

**भावार्थ** : जो अन्य लोगों से घृणा करता है, ईर्ष्या करता है, हमेशा असंतुष्ट, क्रोधित, हमेशा संदिग्ध, दूसरों पर निर्भर रहता है, वे छह प्रकार के लोग हमेशा दुखी रहते हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 25 मार्च, 2026

**त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।**
**कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत् त्रयं त्यजेत्।।**

**भावार्थ** : काम, क्रोध और लोभ नरक के तीन द्वारों की तरह हैं और मनुष्य की आत्मा को नष्ट कर देते हैं, इसलिए इन तीन बुरे गुणों को त्याग देना चाहिए।

## सम्पादकीयम्

### केरल मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन

तमिलनाडु-केरलयोः पुनः परम्परा भग्नाः, राज्यपालैः सह संघर्षः तीव्रः भवति तमिलनाडु-केरल-सभासु सम्बोधनानि न पठितवन्तः राज्यपालाः इति घटनाभिः राज्यसर्वकाराणां राजभवनानां च मध्ये वर्धमानं द्वन्द्वं प्रकाशितम् अस्ति। संविधानानुसारं राज्यपालः मन्त्रिपरिषदः अनुमोदितं भाषणं पठितुं बाध्यः भवति, न तु स्वस्य व्यक्तिगतं मतं प्रकटयितुं। एषा स्थितिः संघीयव्यवस्थायां सन्तुलनस्य आवश्यकतायाः उपरि बलं ददाति। केरल मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन भारतीयसंविधानेन राज्यपालपदं गौरवस्य, संतुलनस्य, परम्परायाः च प्रतीकं मन्यते। तस्य कर्तव्यं संविधानस्य पालनम्, मन्त्रिपरिषदः सल्लाहेन कार्यं कर्तुं च। परन्तु तमिलनाडु-केरल-विधानसभासु यत् घटितं तत् राज्यसर्वकाराणां राजभवनानां च मध्ये प्रचलति संघषार्णां श्रृङ्खलायां नवीनतमम् अस्ति तथ्यविषये प्रश्नाः। केरलस्य पिनाराई-सर्वकारस्य आरोपः अस्ति यत् राज्यपालः राजेन्द्रविश्वनाथ-अर्लेकरः मन्त्रिमण्डलेन अनुमोदितं सम्बोधनं न पठितवान्। केरलसर्वकारस्य नीतीनां कारणेन केरलदेशे कथं वित्तीयसंकटः अभवत् इति प्रकाशयन्तः भागाः सः त्यक्तवान् इति कथ्यते। इतरथा तमिलनाडु राज्यपाल आर.एन. रविः वार्षिकसभासत्रस्य आरम्भात् पूर्वं पारम्परिकं उद्घाटनभाषणं त्यक्तवान्, अशुद्धतथ्यानि, राष्ट्रगीतस्य सम्मानस्य अभावं च उद्धृत्य।

**बस्तारे माओवादस्य प्रमुखः आघातः : सेनापतिः पपरावः**

# 25 लक्षं पुरस्कारं वहन् सहितः १८ नक्सलः, आत्मसमर्पणम्



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढस्य बस्तरक्षेत्रे माओवादीक्रियाकलापविरुद्धं प्रचलति अभियानं महतीं सफलतां प्राप्तवती अस्ति। पपराओ सहितं कुलम् १८ नक्सलजनाः पुलिसस्य समक्षं आत्मसमर्पणं कृतवन्तः। पुलिस-अनुसारं पपराओ बस्ता-क्षेत्रे अन्तिमः सक्रियः वरिष्ठः सेनापतिः आसीत्; तस्य आत्मसमर्पणं नक्सलविरोधी अभियाने निर्णायकं उपलब्धिः इति प्रशंस्यते।

समाचारानुसारं पपरावः दण्डकारण्यविशेषक्षेत्रसमितेः सदस्यः आसीत्, पूर्वं दक्षिण उपक्षेत्रब्यूरो इत्यस्य प्रभारीरूपेण अपि कार्यं कृतवान् आसीत् तस्य शिरसि 25 लक्षरूप्यकाणां पुरस्कारः घोषितः आसीत्। तस्य पार्श्वे ये आत्मसमर्पणं कृतवन्तः तेषु विभागसमित्याः सदस्याः प्रकाश मद्वी, अनिलताटी च सन्ति, ये द्वौ अपि दीर्घकालं यावत संस्थायाः अन्तः सक्रियौ आस्ताम्।

छत्तीसगढपुलिसस्य वक्तव्यस्य अनुसारं सवेर्षां १८ नक्सलानां हिंसामार्गं त्यक्त्वा मुख्यधारायां पुनः आगन्तुं निर्णयः कृतः अस्ति। बस्तरं नक्सलमुक्तं कर्तुं प्रचलति प्रयत्नेषु पुलिसैः एतत् निर्णायकसफलता इति उक्तम् अस्ति। अधिकारिणः वदन्ति यत् एतत् प्रथमवारं यत् दण्डकारण्यक्षेत्रे माओवादीसङ्गठनं प्रायः सर्वथा प्रभावीनेतृत्वेन विहीनं जातम्। पुलिस-अधिकारिणः व्याख्यातवन्तः यत् निरन्तरं क्रियमाणानां कायार्णां, सुरक्षाबलानाम् दबावस्य, सर्वकारस्य पुनर्वास-नीतेः च कारणेन नक्सल-जनानाम् मनोबलं महत्त्वपूर्णतया दुर्बलं जातम्. एतदेव प्राथमिकं कारणं यत् अधुना बहुसंख्याकाः कार्यकर्तारः आत्मसमर्पणं कर्तुं चयनं कुर्वन्ति।

अधिकारिणः अपि अवदन् यत् यद्यपि कतिपये नक्सलजनाः लघु, विकीर्णसमूहेषु सक्रियरूपेण तिष्ठन्ति तथापि तेषां अपि आत्मसमर्पणार्थं प्रोत्साहयितुं प्रयत्नाः प्रचलन्ति। अचिरेण भविष्ये ते अपि मुख्यधारायां पुनः आगमिष्यन्ति इति अपेक्षा अस्ति। पुलिसस्य मते समर्पणं कुर्वतां सवेर्षां नक्सलानां पुनर्वासप्रक्रिया स्थापितानां मार्गदर्शिकानां अनुरूपं भविष्यति। तेषां समाजे पुनः समावेशस्य सुविधायै तेषां आर्थिकसहायता, प्रशिक्षणं, आवश्यकसुविधाः च सर्वकारेण प्रदत्ताः भविष्यन्ति।

बस्तरक्षेत्रे शान्तिस्थापनार्थं महत्त्वपूर्णं सोपानं इति एतत् विकासं प्रशंस्यते। अस्मिन् क्षेत्रे-यस्मिन् चिरकालात् नक्सलहिंसायाः पीडितः अस्ति-अधुना स्थितिः तीव्रगत्या परिवर्तमानं दृश्यते, प्रशासनं च प्रतिपादयति यत् बस्तरं नक्सलमुक्तं कर्तुं उद्देश्यं क्रमेण वास्तविकतां प्राप्नोति।

**ज्ञापनपत्रे सम्पूर्णस्य**

# विषयस्य न्यायपूर्णं पारदर्शकं च अन्वेषणं आग्रहितं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

तेषां आरोपः आसीत् यत् युवानां विरुद्धं किमपि ठोससाक्ष्यं विना गम्भीराः आरोपाः कृताः, येन तेषां परिवारस्य सामाजिकप्रतिष्ठायाः क्षतिः अभवत्। ज्ञापनपत्रे सम्पूर्णस्य विषयस्य न्यायपूर्णं पारदर्शकं च अन्वेषणं आग्रहितं यत् सत्यं प्रकाशं प्राप्नुयात्। काङ्ग्रेसनेतारः अवदन् यत् यदि अन्वेषणं निष्पक्षतया न क्रियते तर्हि ते अस्मिन् विषये व्यापकं आन्दोलनं कर्तुं बाध्यन्ते। ते अपि टिप्पणीं कृतवन्तः यत् निर्दोषव्यक्तिनां स्वरूपनिमार्णार्थं कानूनस्य दुरुपयोगः अन्यायपूर्णः अस्ति, जनस्य विश्वासं च क्षीणं करोति।

इदानीं परिवारजनाः अपि स्वस्य दुःखं प्रकटितवन्तः, अस्मिन् प्रकरणे स्वसन्ततिः जानीतेव फ्रेमः कृतः इति प्रतिपादितवन्तः। तेषां तर्कः आसीत् यत् पुलिस यथा प्रचलति तत् अनेके प्रश्नाः उत्पद्यन्ते। ते प्रशासनं निष्पक्षं जाँचं कृत्वा न्यायं सुनिश्चित्य आह्वानं कृतवन्तः।

एतेषां विकासानां मध्ये पुलिस अधीक्षकस्य कार्यालयस्य अधिकारिणः आगन्तुकप्रतिनिधिमण्डलाय आश्वासनं दत्तवन्तः यत् प्रकरणस्य अन्वेषणं पूर्णतया निष्पक्षतायाः पारदर्शितायाः च सह भविष्यति। अधिकारिणः अवदन् यत् कस्यापि निर्दोषस्य अन्यायः न भविष्यति, अन्वेषणकाले यत्किमपि तथ्यं उद्भवति तदनुसारं समुचितं कार्यं क्रियते इति प्रकरणस्य प्रत्येकं पक्षस्य अन्वेषणं क्रियते, अन्वेषणप्रक्रियायां कोऽपि प्रकारः दबावः प्रभावितुं न अनुमन्यते इति अपि पुलिसैः उक्तम्। अधिकारिणः स्पष्टीकृतवन्तः यत् सर्वे निर्णयाः कठोररूपेण कानूनस्य परिधिमध्ये एव गृहीताः भविष्यन्ति; अपराधिनः न मुक्ताः भविष्यन्ति, निदोर्षाणां न्यायः सुनिश्चितः भविष्यति।

# आधारभूतसंरचनायाः सुदृढीकरणं प्रशासनिकसेवानां जनानां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

व्ययः भविष्यति इति अनुमानितम् एतेषां परियोजनानां उद्देश्यं क्षेत्रस्य आधारभूतसंरचनायाः सुदृढीकरणं, प्रशासनिकसेवानां जनानां समीपं आनेतुं च अस्ति। अस्मिन् एव क्रमे सः सिलचर-नगरे बराक-उपत्यकायाः कृते नूतनं राज्यसचिवालय-सङ्कुलं जनसामान्यं प्रति समर्पितवान्। अयं परिसरः प्रायः १५ बीघापरिमितभूमिखण्डे निर्मितः अस्ति, यस्य कुलनिर्मितक्षेत्रं १८,५८५ वर्गमीर्ट इत्येव इति ज्ञातम् परियोजना प्रायः ३६ मासानां कालखण्डे एव सम्पन्नवती। मुख्यसचिवालयभवनस्य अतिरिक्तं अस्मिन् परिसरे सभागारः, अतिथिगृहं, मुख्यमन्त्रिणः आधिकारिकनिवासः, अधिकारिणां कृते आवासः, तृतीयश्रेणीयाः चतुर्थश्रेणीयाः च कर्मचारिणां कृते आवासीयस्थानानि च सन्ति सरमा इत्यनेन उक्तं यत् एताः परियोजनाः बराक उपत्यकाक्षेत्रस्य विकासाय नूतनं गतिं दास्यन्ति।

## राशिफल

**मेष** : आर्थिक रूप से, भाग्य आपका इंतजार कर रहा है। कोई गंभीर दिक्कत आपके प्रेम जीवन को प्रभावित नहीं करेगी।

**वृषभ** : खुला दिमाग रखें। लाइफ में रोमांस बना रहेगा। आपकी इनकम भी इस समय बढञ सकती है।

**मिथुन** : आप लंबित मुद्दों का समाधान पा सकते हैं। दोस्ती को मजबूत कर सकते हैं। लाभ होगा, जिससे आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**कर्क** : ध्यान केंद्रित करने के लिए जगह चुनने से पहले सोचें। अच्छे शब्द आपके मूड को खुश कर सकते हैं।

**सिंह** : आज विचारों को साझा करने और हल्के-फुल्के कार्यों की योजना बनाने में प्रसन्नता महसूस करेंगे।

**कन्या** : कोई बड़ी स्वास्थ्य समस्या नहीं है। फिर भी आज आपको वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** : ऐसी किसी भी चीज को छोड़ने के लिए तैयार हैं, जो आपकी शांति को सपोर्ट नहीं करती है।

**वृश्चिक** : आगे बढ़ने, खुद को क्लियर रूप से जाहिर करने की कोशिश करें। आज के दिन तनाव कम लें।

**धनु** : कभी-कभी सच बस बिना जबरदस्ती ढूंढे ही सामने आ जाता है। सेहत भी साथ देगी और मन उत्साहित रहेगा।

**मकर** : अपने विचारों को ऑर्गनाइज करने और लक्ष्य निर्धारित करने का यह एक बढ़िया समय है।

**कुंभ** : आप अधिक केंद्रित और शांत महसूस कर रहे हैं। रिश्ते रोमांटिक महसूस हो सकते हैं काम पर प्रयास प्रगति दिखाने लग सकते हैं।

**मीन** : इस बात का ध्यान रखें कि आप पेशेवर आवश्यकताओं को पूरा करते हैं या नहीं। आज वित्तीय समस्याएं हो सकती हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# चंद्र-मंगल युति से बना महालक्ष्मी राजयोग, इन राशियों को अपार धन लाभ और तरक्की के योग

कुंभ राशि में मंगल-चंद्रमा की युति से कुछ राशि वालों को विशेष लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं किन राशियों को मिलेगा सबसे ज्यादा लाभ।

वैदिक ज्योतिष में सभी ग्रह समय-समय पर गोचर करते हैं और इस दौरान एक-दूसरे के संग युति भी करते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब चंद्रमा और मंगल की युति होती है तो महालक्ष्मी रायगोग का निर्माण होता है। ज्योतिष में इसे बहुत ही शुभ योग माना जाता है। जिन जातकों की कुंडली में यह योग बनता है व्यक्ति के जीवन में धन, सुख, समृद्धि और संपन्नता के अवसर लेकर आता है। ज्योतिष में चंद्रमा को मन का कारक कहा जाता है। यह व्यक्ति के मन का नियंत्रित करने का कारक होता है, वहीं मंगल ग्रह ऊर्जा, साहस, भूमि और पराक्रम आदि का प्रतिनिधित्व करता है। जब भी चंद्र-मंगल की शुभ



युति होती है महालक्ष्मी राजयोग का निर्माण होता है। चंद्रमा कुंभ राशि में प्रवेश करने वाले हैं जहां पर पहले से मंगल देव विराजमान हैं। ऐसे में कुंभ राशि में महालक्ष्मी राजयोग बनने पर कुछ राशि वालों के लिए आर्थिक स्थिति में मजबूती, नए तरह के अवसरों और करियर-कारोबार में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। महालक्ष्मी राजयोग के बनने पर कुछ राशि वालों के लिए करियर में नई संभावनाएं और शुभ समाचार सुनने को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं किन-किन राशि वालों को सबसे ज्यादा लाभ मिल सकता है।

**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए महालक्ष्मी राजयोग बहुत ही शुभ और फलदायी साबित हो सकता है। महालक्ष्मी राजयोग बनने से आपके करियर-व्यापार में अच्छी उन्नति और लाभ के संकेत है। यह राजयोग आपकी इनकम और लाभ के स्थान पर बनेगा जिससे आपकी आय में इजाफा होगा। लंबे समय से अटके हुए कार्य पूरे होंगे और नई तरह की जिम्मेदारियां मिल सकती है। आय के नए-नए स्त्रोत और व्यापार में कोई नई तरह की डील हासिल होने की पूरी संभावना है।

**वृश्चिक राशि –** वृश्चिक राशि वालों के लिए महालक्ष्मी राजयोग बहुत ही शुभ और अनुकूल साबित होगी। महालक्ष्मी राजयोग आपकी राशि से कर्म के भाव में बनने जा रहा है जिससे आपकी आर्थिक उन्नति के अवसरों में वृद्धि होगी। नौकरी में कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है और कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। कार्यस्थल पर आपको कई तरह के अवसरों की प्राप्ति हो सकती है और सकारात्मक परिणाम की प्राप्ति हो सकती है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए महालक्ष्मी राजयोग बहुत ही शुभ और आर्थिक नजरिए से शुभ साबित रहेगा। करियर-कारोबार में नए तरह के अवसरों की प्राप्ति हो सकती है और कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से अच्छा सहयोग मिलेगा। धन लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी। इस दौरान आपके बैंक बैलेंस में इजाफा देखने को मिल सकता है। भूमि, भवन और वाहन का सुख प्राप्त हो सकता है और संतान की तरफ से आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

## खबर एक नजर...

### हिरासत में आया लूट में शामिल फरार चौथा नाबालिग

उज्जैन। राजेन्द्रनगर में 15 को रात 3 बजे बाइक पर सवार चार युवकों ने न्यू इंदिरानगर शांतिनगर के पास रहने वाले रमेशचंद्र पिता गेंदालाल जैन 65 साल के साथ 20 हजार रूपयों की लूट को अंजाम दे दिया था। रमेशचंद्र राजेन्द्र नगर चौराहा पर जैन कैफे एव्हरफ्रेश की दुकान चलाते है। वह प्रतिदिन रात ढाई बजे दुकान पहुंचकर चाय-नाश्ता बनाने की तैयारी करने के लिये दुकान पर पहुंचे है। तभी बदमाशों ने उनके साथ लूट की थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर सात दिनों बाद सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों को ट्रेस कर लिया था। रविवार रात 3 को हिरासत में लिया गया था। जो नाबालिग होना सामने आये थे। चौथा फरार था, जिसे मंगलवार को पकड़ा गया। एसआई भूपेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि लूट में शामिल नाबालिग टेडी खजूर, संजय नगर, महाकाल क्षेत्र और न्यू अशोक नगर के रहने वाले है। उनकी निशानदेही पर लूट गये 20 हजार में से सिर्फ 25 सौ रुपए बरामद हो पाये है। शेष रुपए चारों ने मौज-मस्ती में खर्च कर दिये थे। लूट में प्रयुक्त की गई बाइक भी जप्त की गई है। चारों को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 357-5 | 577-9 |
| मेन बाजार | 199-9 | 239-4 |
| मिलन डे | 224-8 | 339-5 |
| मिलन नाइट | 589-2 | 389-0 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 7 | 0 |

**ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज पर मिली कार, पत्नी ने दर्ज कराई गुमशुदगी**

# लापता ड्रायवर की तलाश में 2 दिनों से क्षिप्रा में सर्चिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ऋणमुक्तेश्वर मंदिर के पास क्षिप्रा नदी के ब्रिज पर मिली कार के बाद ड्रायवर के क्षिप्रा में कूदने की आशंका को देखते हुए 2 दिनों से एसडीआरएफ की टीम सर्चिंग अभियान चला रही है। मंगलवार शाम तक ड्रायवर का कुछ पता नहीं चल पाया था।

तिलकेश्वर कालोनी में रहने वाले ऋषभ सोलंकी ने सोमवार तड़के जीवाजीगंज थाना पुलिस को बताया कि उनकी कार पर मोहननगर में रहने वाला अनिल सोलंकी ड्रायवरी करता है। रविवार को उसे कहा था कि परिवार को बाहर जाना है। कार घर आकर छोड़ जाना। लेकिन वह रविवार देर रात तक नहीं आया। उसे मोबाइल पर कॉल किया लेकिन रिसिव नहीं हो रहा था। कार में जीपीएस लगा हुआ था, जिसे ट्रेक किया गया तो लोकेशन क्षिप्रा नदी के ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज के पास मिली। जहां सोमवार तड़के 4 बजे पहुंचने पर सामने आया कि कार के चारों गेट खुले है, जिसमें अनिल का मोबाइल रखा हुआ है। चप्पल के साथ चांदी की चेन भी कार की सीट पर है। ऋषभ ने आशंका जताई कि अनिल ने क्षिप्रा में



छलांग लगाई है। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया के अनुसार सोमवार तड़के ही पुलिस टीम ब्रिज पर पहुंची। ऋषभ अपनी कार लेकर लौट गया। वहीं अनिल की तलाश में सर्चिंग शुरू की गई। सुबह 7 बजे एसडीआरएफ टीम के पांच सदस्य विनोद पांचाल, महेश कुशवाहा, गौरव पांचाल, विजेन्द्रसिंह और सुरेश सोलंकी ने मोटर बोट के साथ उपकरणों की मदद से अभियान शुरू किया। सोमवार देर शाम तक कुछ पता नहीं चल पाया। दूसरे दिन मंगलवार सुबह फिर से सर्चिंग के लिये एसडीआरएफ के जवान पहुंचे। लेकिन शाम को अंधेरा ढलने तक भी क्षिप्रा में ड्रायवर के डूबने की पुष्टि नहीं हो पाई। 2 दिनों की तलाश के बाद माना जाने लगा कि ड्रायवर अनिल गाड़ी छोड़कर कहीं चला गया है। फिर भी थाना प्रभारी कनोडिया के अनुसार जब तक कार चालक का पता नहीं चल जाता, उसकी क्षिप्रा में तलाश जारी रखी जायेगी।

**चिमनगंज में दर्ज कराई गई गुमशुदगी-** अनिल के लापता होने और कार क्षिप्रा नदी के ब्रिज पर मिलने की खबर लगते ही इंदौर गई अनिल की पत्नी कोमल उज्जैन लौटी, उसने बताया कि परिवार से जानकारी मिली है। पति बिना बताये घर से निकला है। जीवाजीगंज थाना प्रभारी ने परिवार को अनिल के लापता होने पर संबंधित थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने की बात कहीं। पत्नी ने चिमनगंज थाने पहुंचकर पति के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी कनोड़िया के अनुसार जिस स्थान पर कार मिली है, वह भी महाकाल थाने की सीमा में लगाता है।


**मिलने पर ही पता चल पायेगी घटना-** क्षिप्रा नदी में 2 दिनों की सर्चिंग के बाद कहा जा रहा है कि अनिल के मिलने पर ही पता चल पायेगा कि घटना की वजह क्या है। परिजनों ने कर्ज और विवाद की बातों से भी इंकार कर दिया है। पुलिस कार में मिले मोबाइल से भी जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है कि उसकी आखिरी बार किसे और कब बात हुई थी।

## मंगेतर से मिलकर उज्जैन लौट रहे होटलकर्मी की मौत

### राजगढ़ का रहने वाला था, हार्ट अटैक की संभावना

**उज्जैन।** तीन दिनों की छुट्टी लेकर मंगेतर से मिलने इंदौर गया होटलकर्मी मंगलवार को वापस उज्जैन लौट रहा था। रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई। उज्जैन आने पर उसे नानाखेड़ा निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

राजगढ़ का रहने वाला अभिषेक पिता योगेन्द्रसिंह सोलंकी 26 साल पिछले 2 सालों से इंदौररोड स्थित होटल मलय में मैनेजमेंट का काम संभाल रहा था। अभिषेक की सगाई हो चुकी थी। उसकी मंगेतर इंदौर पुलिस विभाग में पदस्थ है। जिससे मिलने के लिये होटल से 3 दिनों की छुट्टी लेकर अभिषेक इंदौर गया हुआ था। मंगलवार को वापस लौटते समय उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसने होटल मालिक को कॉल किया। मालिक ने उसे बस से नहीं आने की बात कहीं और केब करने को कहा। अभिषेक केब कर उज्जैन आ रहा था, लेकिन उसकी हालत ओर अधिक बिगड़ गई। उसे नानाखेड़ा स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई गई कि हार्ट अटैक हुआ था। होटल मालिक और साथी कर्मचारी निजी अस्पताल से शव चरक अस्पताल लेकर आये और परिजनों को सूचना दी। देर शाम परिजन उज्जैन पहुंचे। मंगेतर भी इंदौर से उज्जैन आ गई थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। भाई, मां और बहन शव राजगढ़ लेकर गये है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com